रोहतक
रविवार, 18 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 107
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 44.5
न्यून. 21.5

**आईपीएल में आज**



पंजाब V/S राजस्थान
समय : 3.30 PM
स्थान : जयपुर

दिल्ली V/S गुजरात
समय : 7.30 PM
स्थान : दिल्ली






## हरियाणा से अब तक चार 'जासूस' पकड़े, दस्तावेज लीक किए

# हिसार से पाक के लिए जासूसी के आरोप में यूट्यूबर गिरफ्तार

- चार बार पाक जा चुकी ज्योति मल्होत्रा आईएसआई के अफसरों से गहरे संबंध
- ट्रैवल विद जो के नाम से चलाती है यूट्यूब चैनल, तीन लाख से ज्यादा फोलोअर्स
- अदालत ने पांच दिन के रिमांड पर भेजा पानीपत, कैथल और नूंह से भी पकड़े

*ज्योति पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 व आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धारा 3, 4 और 5 के तहत आरोप लगाए गए हैं*

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में प्रसिद्ध यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। ज्योति शहर के घोड़ा फार्म रोड की रहने वाली है और ट्रैवल ब्लॉगर का काम करती थी। उसका 'ट्रैवल विद जो' के नाम से फेसबुक, यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट हैं। जिसमें तीन लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। बताया जा रहा है कि ज्योति के आईएसआई अधिकारियों के साथ गहरे संबंध हैं। बार बार पाकिस्तान की यात्रा के कारण वह शक के दायरे में आई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई और आईएसआई से संबंधों का खुलासा होने पर ज्योति मल्होत्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की रिमांड पर ले लिया। अब उससे पूछताछ की जाएगी। बता दें कि पिछले एक हफ्ते में ज्योति के अलावा हरियाणा से 3 और पंजाब से 3 पाकिस्तानी जासूस पकड़े गए हैं। इनमें पानीपत से नोमान इलाही, कैथल से देवेंद्र सिंह और नूंह से अरमान को गिरफ्तार किया गया है।

### आईएसआई को सोशल मीडिया के माध्यम से गोपनीय जानकारी भेजी



लाहौर के अनारकली मार्केट में स्ट्रीट फूड का स्वाद चखती ज्योति मल्होत्रा।

### ऐसे शक के घेरे में आई

पुलिस की जांच में सामने आया है कि ज्योति 4 बार पाकिस्तान जा चुकी है। उसकी बार-बार पाकिस्तान की यात्राओं को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को शक हुआ। शक तब बढ़ा जब वह पाक में क्रिकेट मैच देखने गई। बताया जाता है कि उसे वहीं एक लोकल फ्रेंड ने पूरा टूर स्पॉन्सर किया था। यह भी बताया जा रहा है कि वह सिख श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ 3 बार पाकिस्तान जा चुकी है।

### कोरोना में नौकरी गई तो बन गई ट्रैवल ब्लॉगर

ज्योति गुरुग्राम में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी। मगर कोरोना काल में उसे नौकरी से हटा दिया गया। इसके बाद वह ट्रैवल ब्लॉगर बन गई। उसके इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर तीन लाख से अधिक फॉलोअर हैं। ज्योति का 'ट्रैवल विद जो' नाम से इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब पर चैनल है। पुलिस ने ज्योति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वर्ष 2023 में कमीशन के जरिये ज्योति पाकिस्तान वीजा लेकर गई थीं। वहां पाक हाई कमीशन के कर्मचारी दानिश से उसके नजदीकी रिश्ते बने। जांच अधिकारियों का कहना है कि ज्योति एक आईएसआई अधिकारी के साथ इंडोनेशिया के बाली में घूमने भी गई थी। वह पाकिस्तानी हैंडलर दानिश के संपर्क में थी और उसे पूरी जानकारी देती थी। ज्योति हरियाणा और पंजाब में सक्रिय एक बड़े जासूसी नेटवर्क का हिस्सा थी।

### इन देशों की यात्रा कर चुकी

ज्योति पाक के अलावा दुबई, थाइलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल, भूटान, चीन और बंग्लादेश की यात्रा भी कर चुकी है। सुरक्षा एजेंसियां अब उसकी हर यात्रा का रिकॉर्ड खंगाल रही हैं।

### हरियाणा से पकड़े गए अन्य जासूस

- **नूंह:** राजाका गांव से 17 मई को अरमान को गिरफ्तार किया। भारतीय सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप।
- **पानीपत:** 14 मई को नोमान इलाही को गिरफ्तार किया था। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है।
- **कैथल** : 16 मई को देविंदर सिंह (25) को गिरफ्तार किया था। वह पाकिस्तान में सिख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने गया था। जहां एक युवती ने उसे हनीट्रैप में फंसा लिया।

### पिता बिजली निगम से सेवानिवृत्त

पाक जासूसी के आरोप में पकड़ी गई ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा बिजली निगम से सेवानिवृत्त हैं। इस मामले के अलावा ज्योति और उसके पिता पर किसी तरह का कोई केस दर्ज नहीं है। ज्योति को उसके घर से हिरासत में लिया। उसके खिलाफ हिसार सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया है। केंद्रीय एजेंसियां ज्योति से पूछताछ कर रही हैं।

### घर से किया गिरफ्तार

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ज्योति को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आगामी पूछताछ व मामले की जांच के लिए उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है।
-**कमलजीत**, डीएसपी मुख्यालय।

# प्रतिनिधिमंडल में थरूर के नाम पर विवाद कांग्रेस ने कहा-हमने उनका नाम नहीं दिया

- हमने सिर्फ 4 नाम दिए, सरकार खेल रही है खेल सरकार ने उन्हें एक डेलिगेशन का लीडर बनाया
- पाक को बेनकाब करने के लिए सर्वदलीय सांसदों के सात डेलिगेशन में 59 सदस्य होंगे, 33 देशों में जाएंगे

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अगले सप्ताह से विभिन्न देशों का दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व शशि थरूर को सौंपे जाने के बाद शनिवार को कहा कि सरकार खेल खेल रही है और शरारतपूर्ण मानसिकता के साथ काम कर रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से सिर्फ चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पार्टी से विचार विमर्श किए बिना उसके किसी सांसद को शामिल नहीं कर सकती। उनका यह भी कहना है कि यह अच्छी लोकतांत्रिक परंपरा रही है कि आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले सांसद अपनी पार्टी नेतृत्व से अनुमति लेते हैं।



**डेलिगेशनों को लीड करने वाले सांसदों के नाम का ऐलान, इनमें 51 नेता, 8 राजदूत रहेंगे**

■

**प्रतिनिधिमंडल में राजग के 31 कांग्रेस के तीन और अन्य दलों के 17 नेता शामिल होंगे**



### सरकार ने ईमानदारी नहीं शरारत दिखाई

रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है। सरकार ने इस मामले में ईमानदारी नहीं सिर्फ शरारत दिखाई है और वह ध्यान भटकाने का खेल खेल रही है क्योंकि उसका विमर्श 'पंचर' हो गया है।

### केंद्र ने इन नेताओं के नाम का ऐलान किया

सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा शामिल हैं तथा विपक्षी दलों से कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की सूची सरकार को सौंपी थी उनमें थरूर का नाम नहीं है। ये सभी नेता विदेशों में जाकर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे और आतंक पर पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करेंगे। बता दें कि प्रतिनिधिमंडलों को सात ग्रुप में बांटा गया है। इनमें एक सांसद को एक ग्रुप का लीडर बनाया गया है। ये सभी 33 देशों की यात्रा करेंगे।

### यह कहा केंद्र सरकार ने

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि विदेश जाने वाले 7 प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व थरूर करेंगे। थरूर ने विदेश जाने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने के बाद कहा कि जब राष्ट्रीय हित को बात होगी तो वह अपनी सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।






देवेंद्र सिंह पर पाकिस्तान से रुपयों के लेन देन का भी शक

# एसआईटी ने पाक के लिए जासूसी में पकड़े गए देवेंद्र के घर की छापेमारी

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार देवेंद्र सिंह के घर छापेमारी कर छानबीन की। पुलिस को आरोपित देवेंद्र के बैंक खातों में पाकिस्तान से रुपयों के लेनदेन का शक है, लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। एसपी आस्था मोदी ने उसकी गिरफ्तारी के बाद ही एसआईटी का गठन कर दिया था। इसमें एक डीएसपी, दो एसएचओ और स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी को शामिल किया था। इसमें डीएसपी एईसी गुरविंद्र सिंह, साइबर क्राइम थाना प्रभारी शुभ्रांशु व सिविल लाइन थाना साहिल और स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी रमेश शामिल हैं। शनिवार को एसआईटी ने देवेंद्र के घर में पहुंचकर जांच की। आरोपित युवक के परिजनों सहित गांव के अन्य लोगों ने कुछ भी बोलने से परहेज किया है।



युवक का फोन भी पुलिस ने एफएसएल जांच के लिए भेजा

### इन धाराओं में केस

साइबर थाना की पुलिस ने देवेंद्र पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 और पांच सीक्रेट ओफेंस के तहत केस दर्ज किया गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों से संबंधित है।

### आरोपी के तीन बैंक खाते

एसआईटी के अनुसार देवेंद्र के तीन अलग-अलग बैंक खाते हैं। इन्हीं खातों पर टीम की ओर से जांच की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस की ओर से एटीएम ट्रांजेक्शन की भी जांच जारी है। अभी पुलिस का कहना है कि आरोपित देवेंद्र की ओर से की जाने वाली अन्य गतिविधियों पर भी जांच की जा रही है। इस मामले में पूरी जांच के बाद रिमांड अवधि खत्म होने के बाद ही सही जानकारी सामने आ पाएगी।

### हम जांच कर रहे

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि देवेंद्र के पाकिस्तान के जासूसी आरोप मामले में जांच जारी है। अभी युवक का रिमांड सोमवार को खत्म होना है और उसके मोबाइल का डाटा रिकवर करने के लिए एफएसएल जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी जानकारी प्राप्त हो पाएगी।

**आरोपितों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल**

# हरियाणा में 237 बांग्लादेशी पकड़े, बिना दस्तावेज रह रहे थे

**नूंह(हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के तीन जिलों नूंह, झज्जर और हिसार में अवैध रूप से रह रहे 237 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि नूंह के गांव बाजडका के ईंट भट्ठे से 125 और झज्जर के भदानी गांव से 47 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, हिसार में हांसी के कोहिनूर ईंट भट्ठे से 26 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। इससे पहले 12 मई को भी इसी क्षेत्र से 39 लोगों को पकड़ा गया था। ये सभी अवैध दस्तावेजों के सहारे यहां रह रहे थे। इन्होंने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और खुद को बंगाली बताकर ईंट भट्ठे मालिकों से काम लिया था। नूंह में पकड़े गए बांग्लादेशियों ने भट्ठा मालिक से 80 हजार रुपये भी एडवांस में लिए थे। पुलिस ने फिलहाल सभी को जिलों की पुलिस लाइन में रखा है। अब इनके खिलाफ विदेशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पुलिस जांच कर रही है कि ये कैसे और कब भारत में घुसे।

■ **ईंट-भट्ठे पर बंगाली बनकर आए थे, 80 हजार एडवांस लिए**




## खबर संक्षेप

### पंकज गुप्ता एनटीपीसी के निदेशक नियुक्त

**पंचकूला।** चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज गुप्ता को एनटीपीसी लिमिटेड का निदेशक नियुक्त किया गया है। एनटीपीसी भारत की अग्रणी विद्युत उत्पादन कंपनी एवं भारत सरकार के नवरत्नों में से एक सार्वजनिक उपक्रम है। पंकज गुप्ता पंकज मानवी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक और प्रबंध साझेदार हैं जो बहुराष्ट्रीय कंपनियों से लेकर भारतीय उद्योग समूहों तक को अपनी सेवाएं प्रदान करती है, जिसका मुख्यालय सेक्टर 16, पंचकूला में स्थित है।

### नारद जी पत्रकारिता के आदर्श: वैद्यनाथन

**पंचकूला।** साहित्यकार एवं पत्रकार साईं वैद्यनाथन ने नारद जी को पत्रकारिता का आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के लिए सकारात्मक पत्रकारिता जरुरी है। वे शनिवार को पंचकूला स्थित भारत विकास परिषद भवन के सभागार में विश्व संवाद केंद्र के द्वारा ब्रह्मांड के आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष में आयोजित पत्रकार मिलन एवं राष्ट्रीय सशक्तिकरण में पत्रकारिता की भूमिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वीएसके टोली के सदस्य मनोज द्वारा देशभक्ति के गीत से किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार साईं वैद्यनाथन मुख्य वक्ता के रूप में और कार्यक्रम की अध्यक्षता तरसेम रुबी ने की।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा के बुहावी में की तिरंगा यात्रा की अगुवाई

# देश के बहादुर सैनिकों ने साहस, अनुशासन व निष्ठा के साथ ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- सैन्य अभियान राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक बना : सीएम
- युवाओं, बुजुर्गों व महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय गरिमा का प्रतीक भी बन चुका है। मुख्यमंत्री ने यह बात शनिवार लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव बुहावी में तिरंगा यात्रा से पूर्व उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। भारी संख्या में उपस्थित युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री की अगुवाई में तिरंगा यात्रा में भाग लिया और देश के वीर सैनिकों व ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए सैनिकों के सम्मान में चलाई जा रही इस मुहिम में बढ़चढ़ कर योगदान दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गावं बुहावी की ग्राम पंचायत को विकास कार्यो के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने पहलगाम के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह दिन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। हम यहां तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की रक्षा की और चार ही दिनों में पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि वे उन वीर सैनिकों को नमन करते है जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया। साथ ही वे उन माताओं को भी प्रणाम करते हैं जिन्होंने ऐसे वीरों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि आज उपस्थित सभी लोग इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से संकल्प लें कि वे आतंक के विरुद्ध हमेशा एकजुट खड़े रहेंगे।



**कुरुक्षेत्र।** तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

#### नए भारत का आत्मविश्वास यही है विकसित भारत की पहचान : नायब सिंह सैनी

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश पूरी दुनिया ने सुना कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा। यही है नए भारत का आत्मविश्वास, यही है विकसित भारत की पहचान। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के अड्डों को नेस्तनाबूद कर पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की संप्रभुता पर हमला करने का अंजाम बहुत बुरा होता है। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने और पाकिस्तान के 11 एयरबेस को ध्वस्त किया।

#### प्रदेश की मिट्टी के कण-कण में बसी है देश के प्रति भक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे गांव-गांव के जवान वीरता की मिसाल बन चुके हैं। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आपने पूरे हरियाणा और देश को यह संदेश दिया है की देशभक्ति गांव की मिट्टी के कण-कण में बसी हुई है। प्रदेश के लोग कर कुर्बानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

#### संयम और शांति की मिसाल पेश की

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीजफायर की बात हुई, तो भारत ने फिर संयम और शांति की मिसाल पेश की। वह केवल एक सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि मानवीयता की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमारे देश की परिपक्वता, विवेकशीलता और आत्मबल का प्रमाण है। भारत युद्ध का पक्षधर नहीं है, लेकिन जब तक शांति को कमजोरी समझा जाएगा, तो भारत चुप नहीं रहेगा। यही शौर्य और संयम भारत को एक महान राष्ट्र बनाता है।

#### पंजाब ने राजनीति को आगे रखकर मानवता को भुलाया : मुख्यमंत्री

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को पानी ना देकर पंजाब के मुख्यमंत्री ने राजनीति को आगे रखकर मानवता को भुलाया हैं। इस देश में बरसात का पानी प्राकृतिक स्त्रोत है और हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम मानवता के आधार पर एक-एक घर में पीने का पानी पहुंचाएं। अहम पहलू यह है कि पंजाब गुरुओं की धरती रही है। इसी प्रांत पंजाब से हरियाणा बना है।

### भारत आतंकवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध : बड़ौली

**चंडीगढ़-सोनीपत।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के पराक्रम और पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ पीएम मोदी के नेतृत्व में नए और आत्मनिर्भर भारत की प्रतिज्ञा है। ये बातें श्री बड़ौली ने शनिवार को गोहाना में तिरंगा यात्रा के दौरान कही। इस मौके पर उनके साथ मंत्री अरविंद शर्मा, भाजपा गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, भाजपा के कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में क्षेत्र के सामाजिक व धार्मिक संगठन के लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लेकर लोगों ने देश के प्रति अपने प्रेम और समर्पण का प्रदर्शन किया और भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए।

### भारतीय सेना हमारा गर्व, हमारा अभिमान

**पंचकूला।** भाजपा जिला संगठन जिले की दोनों विधानसभाओ के सभी नौ मंडलों और शक्तिकेन्द्रो पर तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगी। तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी जिसमे जिला प्रभारी रवि बतान, जिला महामंत्री परमजीत कौर, तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक संजीव कौशल, सह संयोजक युवराज कौशिक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश से रोजाना 45 लोगों का लापता होना चिंता की बात : हुड्डा



- प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब
- असुरक्षित प्रदेश बना हरियाणा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे गुमशुदगी और अपहरण के मामलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से रोजाना 45 से ज्यादा लोग लापता हो रहे हैं। यह तो मात्र वो मामले हैं, जो पुलिस थानों में दर्ज होते हैं। असल में ऐसे कई मामले होते हैं, जिनकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं होती। इसलिए यह आंकड़ा और बड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ इस साल जनवरी से मार्च तक के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश से 4100 लोग लापता हुए हैं और 1000 से ज्यादा लोगों का अपहरण हुआ है। यानी प्रदेश में रोज लगभग 12 लोगों का अपहरण होता है। यह बेहद ही चिंताजनक हालात हैं। ये आंकड़े अपने आप प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि खुद केंद्र सरकार द्वारा जारी सामाजिक प्रगति सूचकांक में हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया। एनसीआरबी के आंकड़े भी इसकी तस्दीक करते हैं कि हरियाणा अपराध के मामले में बड़े-बड़े राज्य को पीछे छोड़ दिया है।

## प्रदेश में लापरवाही के कारण गहराया पेयजल संकट : सैलजा



- जुमलेबाजी कर रही सरकार
- पंजाब की आप सरकार कर रही राजनीति

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जुमलेबाज भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में पेयजल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किया, अगर समय रहते नहरों की साफ सफाई करवा ली गई होती तो प्रदेश को पूरी मात्रा में पानी मिलता, क्योंकि भाखड़ा नांगल बांध से हमारे हिस्से का जो पानी छोड़ा जाता है वह पूरी मात्रा में नहीं आ पाता। हालात ऐसे हैं कि पंजाब सरकार हरियाणा के लोगों की प्यास बुझाने के बजाए पानी पर राजनीति कर रही है। प्रदेश में पेयजल संकट से हालात यहां तक पहुंच गए है कि 10 जिलों में गंभीर जल संकट गहराया हुआ है, 51 जलघर सूख चुके है, टैंकरों से पानी की आपूर्ति हो रही है और गांवों में एक दिन छोड़कर सप्लाई दी जा रही है। सांसद सैलजा ने कहा है कि मार्च माह में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया था के नहरों की साफ सफाई करवा ली जाए ताकि नहरों में पूरी मात्रा में पानी आ सके और अंतिम छोर तक (टेल) पानी पहुंच चुके, पर सरकार ने इस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया।

## मंजूरा इनेलो किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

- प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार, जिलों में संयोजक लगाए

**चंडीगढ़।** संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो पार्टी ने किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला संयोजकों की नियुक्ति की। फूल सिंह मंजूरा को किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कुलदीप सिंह जम्मू, मनोहर भाकर, . गुरचरण अमानी, स. मंजीत सिंह, विनोद शर्मा, धर्मबीर यादव, बनी सिंह, जगतराम और रामपाल राणा को उपप्रधान, प्रेम सिंह भालसी को प्रधान महासचिव, विजय कुमार, अवतार सिंह शेरगिल, सुभाष जाट, कंवरपाल रोड, धर्मबीर यादव, जसबीर राठी, जय सिंह दहिया, पूर्व सरपंच राजेंद्र, कृष्ण कुमार, गिरधारी बिस्सू, सूबे सिंह रोड, गुरविंद्र संधू, संजय नंबरदार और हंसराज कंबोज को महसचिव, सुखदीप, स. जसविंद्र सिंह, सुभाष राणा, सूरजभान, शमशेर सिंह, नरसिंह, ओमप्रकाश, श्रीप्रकाश, जगदीश झांझड़ा, पूर्व सरपंच बलजीत, किरशन सरपंच, श्रीराम कृष्ण नंबरदार, टेकराम और जिले सिंह को सचिव, बरखाराम को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह को प्रचार सचिव, रविंदर सिंह को मीडिया प्रभारी, गजेंद्र चहल, समुद्र ढाका, विजय कुमार, मांगेराम नंबरदार, लाभ सिंह नंबरदार, नरेश कुमार, जय विष्णु, रामचंद्र फोगाट, दलबीर सिंह व अन्य नियुक्त किए गए।

## भाजपा की छोटी टोली की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन



**सोनीपत।** प्रदेश में चल रही तिरंगा यात्राओं, आगामी कार्य योजनाओं और संगठनात्मक विषयों को लेकर शनिवार को सोनीपत में भाजपा की छोटी टोली की बैठक हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजनाओं पर मंथन हुआ। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री व प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता व प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे छोटी टोली की इस बैठक में प्रदेश में चल रही तिरंगा यात्राओं को और गति देने और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कई मुद्दों पर मंथन किया।

## विस अध्यक्ष कल्याण ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा परिसर का दौरा करते हुए विधानसभा पुस्तकालय और कैंटीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेना और आवश्यक सुधारों के लिए दिशा-निर्देश जारी करना था। विस अध्यक्ष कल्याण ने सबसे पहले विधानसभा पुस्तकालय का दौरा किया, जहां उन्होंने वहां उपलब्ध पुस्तक संग्रह, समाचार पत्र-पत्रिकाओं तथा डिजिटल संसाधनों का अवलोकन किया। उन्होंने लाइब्रेरी स्टाफ से बातचीत कर यह जाना कि विधायकगण और शोधकर्ता पुस्तकालय की सुविधाओं का किस प्रकार उपयोग कर रहे हैं। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार ने पंचायतों को सशक्त बनाया : पंवार

**चंडीगढ़।** विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अब गांवों को विकास का केंद्र बिंदु बना रही है, जिससे गांवों में विकास की नई बयार देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायतों को 21 लाख रुपये तक के कार्य बिना कोटेशन के कराने का अधिकार देकर उन्हें स्वायत्तता की दिशा में और अधिक सशक्त किया है। इसके अलावा जिला परिषदों को सीधे फंड जारी कर विभिन्न विभागीय कार्यों के निष्पादन के अधिकार भी सौंप दिए गए हैं। पंवार ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायती दिवस (24 अप्रैल) को राज्य स्तर पर भव्य रूप से मनाया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 'राज्य ग्राम उत्थान समारोह' के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया और विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए 368 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व आधारशिला रखी।

## उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : राव

**चंडीगढ़।** हरियाणा में उद्योग जगत से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने और नीतियों को और अधिक प्रभावशाली व व्यावहारिक बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के क्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार गुरुग्राम में हितधारक परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) नीति 2025 (ड्राफ्ट) तथा हरियाणा एवीजीसी-एक्सआर नीति 2025 (ड्राफ्ट) पर हितधारकों के साथ परामर्श किया गया। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने परामर्श सत्र में राज्य की आर्थिक नीतियों और औद्योगिक रणनीतियों पर उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर उद्योग-संचालित नीति पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया, जो आर्थिक विकास, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और व्यापार में सुगमता को सुनिश्चित करेगा। मंत्री ने कहा कि हरियाणा में पिछले 10 वर्षों से औद्योगिक क्षेत्र में पुरानी परिपाटी बदलने का क्रम निरंतर जारी है।

# लिपिक व सिस्टम एनालिस्ट डकार गए दिव्यांगों व बुजुर्गों की पेंशन, एक गिरफ्तार, महिला के विदेश भागने का शक

### समाज कल्याण विभाग मुख्यालय में बड़ा गोलमाल, निजी खातों में डलवाई राशि

### महिला सिस्टम एनालिस्ट मास्टरमाइंड क्लर्क से 18 लाख रुपये किए रिकवर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश का समाज कल्याण विभाग लंबे अर्से से सुर्खियों में बना रहा है। भूतों को पेंशन बांट दिए जाने और अन्य कई तरह के गोलमाल पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। अब विभाग के अंदर के दो कर्मियों ने मिलकर बड़ा खेल कर डाला और निजी खातों में लाखों की राशि हेराफेरी कर जमा करा दी और उसका इस्तेमाल करते रहे। बाद में इसका खुलासा हुआ व मामला आला अफसरों तक पहुंचा, तो एक लिपिक व एक महिला कर्मचारी के विरुद्ध नामजद करते हुए केस दर्ज करा दिया गया। पुलिस ने इसमें से एक लिपिक को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले में मास्टर माइंड महिला फरार बताई जा रही है, जिसके बाहर कनाडा निकल जाने की भी पूरी पूरी आशंका है। गोलमाल और गबन की राशि एक करोड़ तक पहुंच जाने की आशंका है।

इस घपले घोटाले की शुरुआत हरियाणा के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय से हुई। यहां पर एक लिपिक (एक्स सर्विसमैन) जोगेंद्र और महिला सिस्टम एनालिस्ट पूनम ने मिलकर इस तरह का खेल किया है। दोनों आरोपितों में अच्छा खासा तालमेल भी विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त महिला हारट्रॉन के माध्यम से लगने वाले कर्मियों वाली श्रेणी में हैं। बीच में कईं साल कनाडा चली गई और बाद में आकर एक बार फिर विभाग में काम करने लगी। घपले घोटाले का खुलासा भी सामाजिक पेंशनों विधवा, बुढ़ापा पेंशन अन्य कईं तरह की पेंशन की रकम बड़ी बड़ी रकम महिला के निजी खातों में ट्रांसफर होने की चर्चा विभाग के लोगों में चल रही थी। बताते हैं कि लिपिक जोगेंद्र की पत्नी के खातों में भी पैसा ट्रांसफर किया गया था, मोटी रकम एक साल से भी ज्यादा वक्त से निजी खातों में डाली जा रही थी।

पूरे मामले का खुलासा होने और दबाव पड़ने पर लगभग साढ़े 18 लाख की रकम तो जोगेंद्र से रिकवरी की गई। विभाग के अंदर का सरकारी पैसा निजी खातों में जाने को लेकर जब पड़ताल हुई, तो पता लगा 60 लाख से ज्यादा की रकम जा चुकी थी(नोट यह राशि एक करोड़ तक पहुंच सकती है)।

#### विभागीय जांच में खुलासा, कड़ी कार्रवाई की तैयारी

लंबे अर्से से चर्चित समाज कल्याण विभाग में पहले भी मृतकों और भूतों को पेंशन बांट दिए जाने के मामले जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट तक जा चुके हैं। इस पूरे मामले में गंभीरता दिखाते हुए आला अफसरों ने विभाग की आंतरिक कमेटी बना दी थी। जोगेंद्र को भी पुलिस ने फरार होने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब चंडीगढ़ पुलिस को आरोपित क्लर्क की गिरफ्तारी के बाद अब मास्टर माइंड महिला पूनम गुप्ता सिस्टम एनालिस्ट की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि आंतरिक विभाग की कमेटी ने केस दर्ज कराया है, शिकायत विभाग की संयुक्त निदेशक अलका यादव की अध्यक्षता में की गई। बाकी लेखा अधिकारी अमित शर्मा अधीक्षक नरेंद्र सिंह और शिशिर की संयुक्त कमेटी की ओर से विभागीय जांच भी पुलिस के पास जाने से पहले की गई थी। जांच के दौरान पेंशन शाखा और आईटी शाखा के कर्मियों से लंबी जांच पड़ताल व पूछताछ की गई। दो कर्मचारियों के खेल का खुलासा इस दौरान हुआ दोनों के बारे में बताया गया कि पूनम गुप्ता सिस्टम एनालिस्ट के पास आईटी शाखा के डाटा (आंकड़ों और ब्योरे) रखरखाव की जिम्मेदारी थी। साथ ही इस विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन और उनका एरियर का भी पूरी जानकारी उसके पास थी। लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर करने का काम भी उसके द्वारा ही किया जाता था। बताया है कि बीती 13 में को आईटी शाखा में कार्यरत प्रोग्रामर प्रवेश कुमार द्वारा पेंशन अफसर के संज्ञान में लाया गया कि पूनम गुप्ता ने पेंशन के एरियर की राशि का ट्रांसफर फर्जी बैंक खातों में कर डाला है, जांच पड़ताल में यह भी पाया गया कि जिन फर्जी बैंक खातों में एरियर की राशि पूनम की ओर से ट्रांसफर की गई है, वो उन लाभार्थियों की आईडी पर की गई है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। जांच पड़ताल में सामने आया है कि पूनम ने लिपिक ऑडिट शाखों मुख्यालय जोगिंदर सिंह पूर्व सैनिक के साथ मिलकर यह घोटाला किया है।

## आग में 40 झुग्गियां जली, 30 सिलेंडर फटे

- दमकल विभाग की 14 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

**गुरुग्राम।** गांव वजीराबाद में अवैध रूप से बनी झुग्गियों में शनिवार दोपहर को अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल के अलग-अलग केंद्रों से 14 गाडियों को मौके भेजी गई। दमकल अधिकारियों की मानें तो दमकल कर्मियों ने करीब साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। लेकिन इस बीच करीब 40 झुग्गियां जलकर खाक हो गई। वहीं इस आगजनी करीब 30 सिलेंडर भी फटे, जिससे आग बुझाने के लिए परेशानी भी हुई। दमकल अधिकारी नवीन ने बताया कि तो प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि खाना बनाने के दौरान यहां आग लगी। गर्मी का मौसम होने के कारण आग देखते ही देखते लपटें उंची उठने लगी। इन झुग्गियों में रह रहे लोग बाहर की तरफ भागे और आसपास भी लोगों में हड़कंप मच गया। इस आग की सूचना मिलते ही सेक्टर-29, सेक्टर-37, उद्योग विहार व डीएलएफ दमकल केंद्रों से 14 गाडय़ों को मौके पर भेजा गया। आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारण यहां रखे छोटे सिलेंडर फटने लगे, जिसके कारण आग तेजी से बढ़ गई। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इस आगजनी में किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

## मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर दो दिन डिजिटल अरेस्ट किया

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम ईस्ट थाना एरिया में साइबर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर एक व्यक्ति को दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और उससे खाते में रुपए भी ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-45 की रॉयल रेजिडेंसी अपार्टमेंट के रहने वाले सुंदर दास केसवानी ने बताया कि उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया जिसने उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड को मनी लॉन्ड्रिंग में प्रयोग होना बताया। इसको लेकर उन्होंने उसे वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्ट करने की बात कही और उसे काफी डराया गया। इतना नहीं नहीं मामले को रफा-दफा करने के लिए आरोपी ने उनसे रुपए भी ट्रांसफर कराए। आरोप है कि आरोपी ने 13 से 15 मई तक उनसे कई ट्रांजेक्शन के जरिए रुपए ट्रांसफर कराए। इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत उन्होंने साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डकैती की योजना बनाते पांच गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सोहना क्राइम ब्रांच ने डकैती की योजना बना रहे पांच बदमाशों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। क्राइम ब्रांच के एएसआई दीप चंद की शिकायत पर सोहना सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, सोहना क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश सोहना-पलवल रोड पर मुंबई एक्सप्रेसवे के नजदीक बने खंडहर में लूट की योजना बना रहे हैं। यह लोग वाहनों को लूटने की फिराक में हैं। इनके पास हथियार भी हैं। इस पर पुलिस ने टीम गठित कर मौके पर भेजी और यहां से पांच लोगों को काबू किया। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले आशिक, रवि, शोएब, बिहार के रहने वाले साजिद व कमलागंज उत्तर प्रदेश के रहने वाले अमन के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने देसी कट्टा, कारतूस, सरिया आदि बरामद किया है।

## सुविचार

उस इंसान से कभी बहस मत करो, जिसने भूख से लड़ने के बाद सीधे मिठाई खाई हो,वो रोटी पर कभी चर्चा नहीं करेगा, उसका अनुभव इसके बारे में अधूरा है। -अज्ञात

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

रोहतक, रविवार, 18 मई, 2025

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 अवनि बनीं फिडे रेटिंग चैंपियन



## खबर संक्षेप

### कश्मीर में एसआईए की छापेमारी, कई गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य अन्वेषण एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को कश्मीर में 11 स्थानों पर छापेमारी की और घाटी में 'स्लीपर सेल मॉड्यूल' की जांच के तहत पूछताछ के लिए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक अधिकारी ने कहा कि ये छापेमारी गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी संख्या 01/2025 की जांच के सिलसिले में की गई। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस तलाशी की अनुमति दी है। भाषा

### पूर्व पुलिस अधिकारी की 1.29 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने पंजाब पुलिस के एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ जारी जबरन वसूली से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत आरोपी की 1.29 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस के पूर्व सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) आशीष कपूर के खिलाफ यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। धन शोधन का यह मामला पंजाब पुलिस की दो प्राथमिकियों पर आधारित है। एजेंसी

### अमेरिका में भीषण तूफान से 21 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में आए भीषण तूफान के कारण 21 लोगों की मौत हो गई है जबकि सैकड़ों लोग घायल हैं। इस भीषण तूफान का असर 12 राज्यों में हुआ है। जबकि सात राज्य बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। 12 राज्यों में 7 लाख से अधिक घरों की बिजली सप्लाई ठप हो गई है। हजारों लोग बेघर हुए हैं। उन्हें राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया हे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस भीषण तूफान का असर कई दिन तक रहेगा। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। एजेंसी

### सिंगापुर में भारतीय पर्यटक को छेड़छाड़ में 3 माह जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय पर्यटक को 12 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ करने और सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर आपत्तिजनक संदेश भेजने के मामले में तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई है। 25 वर्षीय प्रमेंदर ने शुक्रवार को 14 वर्ष से कम उम्र की बच्ची से अश्लील कृत्य के प्रयास करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने के आरोप को स्वीकार कर लिया है। सीएनए की खबर के अनुसार, प्रमेंदर पर आरोप है कि उसने 31 मार्च को पीड़िता का जालान बेसर स्विमिंग कॉम्प्लेक्स के शौचालय तक पीछा किया। भाषा

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित, कुल 92.49 फीसदी विद्यार्थी पास

*तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 10 विद्यार्थी रहे*

# पहले स्थान पर 4 और दूसरे पर 6 छात्र रेवाड़ी अव्वल, नूंह रहा सबसे फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) ने शनिवार को 10वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया। इसमें कुल 92.49% विद्यार्थी पास हुए हैं। सरकारी स्कूलों का पास रिजल्ट 89.30%, जबकि निजी स्कूलों का परिणाम 96.28% रहा। इस परिणाम में रेवाड़ी पहले, चरखी दादरी दूसरे और महेंद्रगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, नूंह सबसे फिसड्डी जिला रहा। दसवीं की परीक्षा में 271499 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 251110 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 5737 परीक्षार्थियों का रिजल्ट ईआर(एसेंशियल रिपीट रहा) अर्थात उनको दोबारा परीक्षा देनी होगी। इस परीक्षा में 129249 प्रविष्ठ छात्राओं में से 121566 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 94.06 रही, जबकि 142250 छात्रों में से 129544 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 91.07 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 02.99 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. डॉ. पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने संयुक्त रूप से बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) वार्षिक परीक्षा-2025 का परिणाम घोषित किया गया है।

## कुल 20 टॉपर, छात्राओं ने फिर मारी बाजी, निजी ने सरकारी स्कूलों को पछाड़ा

**89.30%** सरकारी स्कूलों के छात्र पास

**96.28%** निजी स्कूलों के छात्र पास

**94.06%** छात्राएं उत्तीर्ण

**91.07%** छात्र पास

*मतलोडा का रोहित रहा टॉपर 497 अंक मिले*

### ये रहे 4 टॉपर


रोहित 497/500 हिसार


माही 497/500 अंबाला


रोमा 497/500 झज्जर


तान्या 497/500 झज्जर

### ये रहे 6 सेकेंड


अक्षित सहरावत 496/500 पानीपत


योगेश 496/500 कैथल


रिंकू 496/500 पानीपत


दिव्यांशी 496/500 रोहतक


सुनैना 496/500 हिसार


दीक्षा 496/500 रोहतक

### तीसरे नंबर पर 10 छात्र


निधि 495/500 जींद


मानसी 495/500 रोहतक


रमा 495/500 चरखी दादरी


अक्षिता 495/500 चरखी दादरी


गर्विता 495/500 हिसार


खुशबू 495/500 हिसार


खुशी 495/500 रेवाड़ी


मेघा 495/500 भिवानी


जीना चौहान 495/500 करनाल


इशु 495/500 झज्जर

**73.08%** स्वंयपाठी पास

**70.23%** रहा रि-अपीयर परिणाम

**92.35%** ग्रामीण क्षेत्र का रिजल्ट

**92.83%** शहरी क्षेत्र का रिजल्ट

*पहली बार टॉप 10 नहीं टॉप 20 की सूची*

### बोर्ड अध्यक्ष ने दी सभी को बधाई

सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 92.49 फीसदी तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 73.08 फीसदी रहा है। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षकों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई दी।

- पास प्रतिशतता में रेवाड़ी प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर चरखी दादरी, तीसरे स्थान पर महेन्द्रगढ़ और नूंह सबसे निचले पायदान पर रहा।
- स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 73.08 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में 3243 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए जिनमें से 2370 पास हुए। स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

### ऐसा रहा परिणाम

- फ्रैश, रि-अपीयर, अंक सुधार, अतिरिक्त विषय एवं मर्सी चांस विषय परीक्षा परिणाम घोषित।
- सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (फ्रैश) की परीक्षा में 7554 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 1193 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 15.79 रही।
- परीक्षा में 4714 छात्र बैठे थे, जिनमें से 688 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 14.59 रही है, जबकि 2840 प्रविष्ठ छात्राओं में से 505 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 17.78 रही है।
- सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (रि-अपीयर) का परिणाम 70.23 फीसदी रहा। इस परीक्षा में 5596 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 3930 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।
- परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से अनुक्रमांक/पंजीकरण नम्बर अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं।

### जिस विद्यार्थी की आयु ज्यादा, उसको पहले जगह दी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने पहली बार टॉप टेन नहीं, बल्कि टॉप टवेंटी की सूची निकाली है। चूंकि इस बार प्रदेश में सबसे अधिक 437 अंक हासिल करने वाला एक नहीं, बल्कि चार विद्यार्थी हैं। इन के बराबर 497 अंक हासिल किया है। इसी तरह 496 अंक लेने वाले छह विद्यार्थी है। जिनके अंक समान है। ये सभी छह छह के परीक्षार्थी पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। इसी तरह 495 अंक लेने वाले 10 विद्यार्थी है। जिनके अंक समान है। ये सभी दस विद्यार्थी तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह से टॉप टैवेंटी की सूची जारी की गई है। यहां यह बताते चले कि वैसे तो एक समान अंक लेने वाले विद्यार्थियों पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर है,लेकिन शिक्षा बोर्ड ने सूची में समान अंक होने के बावजूद जिस विद्यार्थी की आयु ज्यादा है,उसको पहले जगह दी गई है।

*आतंकी संगठनों के नापाक इरादे*

## दिल्ली में कर सकते हैं फिदायीन हमले, हाई अलर्ट पर स्पेशल सेल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संघर्ष विराम की घोषणा के बाद अब दोनों मुल्कों के बीच युद्ध भले ही रुक गया हो लेकिन केंद्रीय एजेंसियों को शक है कि पड़ोसी मुल्क, दिल्ली में आतंकी वारदात करवा सकता है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई, पाक आतंकी संगठन लश्कर व हिजबुल जैसे संगठनों से राजधानी में बम धमाका अथवा फिदायीन हमला करवा सकता है। ऐसी खुफिया जानकारी के तहत पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस के सभी आला अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें अलर्ट के बारे में जानकारी देते हुए आने वाले लंबे समय तक बेहद चौकस रहने के निर्देश दिए। स्पेशल सेल को विशेष रूप से इन दोनों संगठनों पर नजर रखने को कहा गया है।

### पैरा कमांडो गश्त करेंगे

*बैठक में स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच, इंटेलीजेंस व दोनों जोनों के विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के अलावा संयुक्त आयुक्त व एडिशनल पुलिस कमिश्नर रैंक के अधिकारी शामिल हुए। बाद में बैठक में दिए गए दिशा निर्देश को सभी 15 जिले के डीसीपी से साझा किया गया। सूत्रों के मुताबिक राजधानी में अभी लंबे समय तक आतंकी हमले क संभावना के मद्देनजर उच्च स्तरीय सुरक्षा अलर्ट जारी रहेगा। सभी भीड़भाड़ वाले प्रमुख बाजारों, माल व अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर पुलिसकर्मियों की उपस्थित रहेगी। इंडिया गेट पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए हल्के स्ट्राइक वाहनों में पैरा कमांडो तैनात लगातार गश्त करते रहेंगे। सभी केंद्रीय एजेंसियां, दिल्ली पुलिस व अर्द्ध सैनिक बलों के जवान तैयार रहेंगे। सार्वजनिक स्थानों के अलावा गेस्ट हाउस, होटलों, सेकेंड हैंड कार डीलर और अन्य संभावित आसान लक्ष्यों पर पुलिस लगातार जांच करती रहेगी।*

*सभी स्कूल बनाएं शुगर बोर्ड*

## छात्रों के चीनी सेवन पर नजर रखेगा सीबीएसई

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने से संबद्ध विद्यालयों को बच्चों के चीनी सेवन पर नजर रखने और उसे कम करने के लिए 'शुगर बोर्ड' लगाने का निर्देश दिया है। सीबीएसई ने उल्लेख किया है कि पिछले दशक में बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पहले मुख्य रूप से वयस्कों में देखा जाता था। बोर्ड ने स्कूल प्रधानाचार्यों को लिखे पत्र में कहा, 'यह खतरनाक प्रवृत्ति मुख्य रूप से चीनी के अधिक सेवन के कारण है, जो अक्सर स्कूल के वातावरण में मीठे स्नैक्स, पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की आसानी से उपलब्धता के कारण होता है। चीनी के अत्यधिक सेवन से न केवल मधुमेह का खतरा बढ़ता है, बल्कि मोटापा, दांत की समस्याएं और अन्य चयापचय संबंधी विकार भी होते हैं, जो अंततः बच्चों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित करते हैं।' 4 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का हिस्सा 13 प्रतिशत है, तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए यह 15 प्रतिशत है, जो अनुशंसित 5 प्रतिशत की सीमा से काफी अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया, 'इस अत्यधिक सेवन के लिए स्कूल में आसानी से उपलब्ध होने वाले मीठे स्नैक्स, पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का अत्यधिक उपयोग जिम्मेदार है।'




बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के मामले सामने आने के बाद बढ़ी सतर्कता

*दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका*

## 15 पार्षदों ने इस्तीफा देकर बनाई इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी



हेमचंद के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बना लिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 15 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। बागी पार्षदों ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। एमसीडी में बागी नेताओं ने अलग गुट बनाया है। आप से इन निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने का फैसला किया है। हेमचंद गोयल के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बनाने का फैसला किया गया। मुकेश गोयल पार्टी के अध्यक्ष होंगे। बागी पार्षदों ने आरोप लगाया है कि जनता से जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। 2022 में वे एमसीडी में पार्षद चुने गए थे। लेकिन आम आदमी पार्टी ने के शीर्ष नेतृत्व एमसीडी की सुचारू ढंग से नहीं चला पाया।

### इन पार्षदों ने दिया इस्तीफा

जिन पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया है उनमें हेमनचंद गोयल, दिनेश भारद्वाज, हिमानी जैन, उषा शर्मा, साहिब कुमार, राखी कुमार, अशोक पांडेय, राजेश कुमार, अनिल राणा, देवेंद्र कुमार, हिमानी जैन का नाम शामिल है।

### सत्ता में रहकर भी आप ने कुछ नहीं किया

आप से इस्तीफा देने पर हिमानी जैन ने कहा कि हमने नई पार्टी बनाई है, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी। हमने आप से इस्तीफा दे दिया है। पिछले 2.5 साल में निगम में कोई काम नहीं हुआ जो होना चाहिए था। हम सत्ता में थे, फिर भी हमने कुछ नहीं किया। उधर आप ने आरोप लगाया है कि इस दल बदल के पीछे भाजपा है उसने हमारे पार्षदों को खरीद फरोख्त अभियान के तहत पांच-पांच करोड़ रुपये की पेशकश की थी।

*मोटापा खामोश सुनामी*

## 2050 तक एक-तिहाई भारतीय होंगे मोटे!

**नई दिल्ली (भाषा)।** मोटापा भारत में सर्वाधिक ध्यान दिए जाने वाले और कम पता चलने वाले स्वास्थ्य संकटों में से एक के रूप में उभरा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इसने अब आबादी में फैलने वाली एक खामोश सुनामी का रूप ले लिया है। 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक एक तिहाई भारतीय या लगभग 44.9 करोड़ लोग मोटापे से पीड़ित होंगे, जिसमें अनुमानित रूप से 21.8 करोड़ पुरुष और 23.1 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। मोटापे का संबंध 'टाइप 2' मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों, फैटी लीवर, हार्मोनल विकारों, संतान पैदा करने में सक्षम न होना और यहां तक कि कुछ कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ने से है। भारत में मधुमेह पीड़ित लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जो अनुमानित 10.1 करोड़ से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन बीमारियों का निदान कम उम्र में ही किया जा रहा है। एम्स के मेडिसिन विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. नीरज निश्चल ने कहा कि 20 और 30 की उम्र के लोगों में गैर-संचारी रोगों में खतरनाक वृद्धि हुई है। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, दिल्ली में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और हेपेटोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. राजेश उपाध्याय ने कहा कि मोटापे की महामारी का समाधान नहीं किया गया तो यह देश के स्वास्थ्य सेवा ढांचे व आर्थिक उत्पादकता पर बोझ डालेगी।



विशेषज्ञों की चेतावनी 21.8 करोड़ पुरुषों व 23.1 करोड़ महिलाओं पर मोटापे का खतरा

*2 डॉक्टर व 1 पायलट सवार थे, सभी सुरक्षित*

## केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश हेलीपेड से 20 मीटर ऊपर हादसा

**केदारनाथ (एजेंसी)।** यहां हेली एंबुलेंस का हेलीकॉप्टर लैंडिंग के समय क्रैश हो गया है। हादसा केदारनाथ हेलीपैड के पास हुई जब ऋषिकेश एम्स से केदारनाथ आ रहा एक हेलीकॉप्टर लैंडिंग के समय अचानक अनियंत्रित होकर क्रैश हो गया। ऋषिकेश से हेली एंबुलेंस के रूप में यह सेवा चलती है, जो केदारनाथ में मरीज को लेने आई थी। हादसे के समय हेलीकॉप्टर में तीन लोग सवा थे। इसमें 2 डॉक्टर और 1 पायलट सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। यह घटना हेलीपैड से 20 मी ऊपर ही हुई।



### ऋषिकेश एम्स का था

केदारनाथ धाम में लैंडिंग के समय हेली एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हेली एंबुलेंस ऋषिकेश एम्स की थी, जोकि ऋषिकेश से केदारनाथ जा रहा था। हादसा शनिवार का है जब केदारनाथ हेलिपैड से 20 मीटर पहले हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। पायलट समेत सभी सवारी सुरक्षित हैं। हेलीकॉप्टर मरीज को लेने केदारनाथ आ रहा था।

**राहत** नया एआई पावर्ड टूल स्किल इंडिया असिस्टेंट लॉन्च, युवाओं को होगा बड़ा फायदा

## अब घर बैठे व्हाट्सएप पर मिलेगी रोजगार की जानकारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब रोजगार, ट्रेनिंग, कोर्स और नजदीकी स्किल सेंटर्स से जुड़ी जानकारी लोगों को व्हाट्सएप पर तुरंत मिल सकेगी। इसके लिए भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने मेटा के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत नया एआई पावर्ड टूल 'स्किल इंडिया असिस्टेंट (एसआईए)' लॉन्च किया गया है। इस टूल को व्हाट्सएप पर इस्तेमाल किया जा सकता है। लोग 8448684032 नंबर पर मैसेज भेजकर स्किल कोर्स, ट्रेनिंग सेंटर्स और नौकरी के मौकों के बारे में जानकारी ले सकते हैं। यह सेवा स्किल इंडिया डिजिटल हब पर भी उपलब्ध है। यह दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी और पहली पहल है, जिसमें ओपन-सोर्स एआई को व्हाट्सएप जैसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है।

*8448684032 नंबर पर मैसेज भेज सकेंगे*

*सेवा स्किल इंडिया डिजिटल हब पर भी*



### हिंदी, अंग्रेजी और हिंग्लिश में उपलब्ध

यह टूल फिलहाल हिंदी, अंग्रेजी और हिंग्लिश में उपलब्ध है। आने वाले समय में इसे अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सकें। खास बात यह है कि यह टूल लोगों के फीडबैक के आधार पर समय-समय पर अपडेट होता रहेगा, ताकि उपयोगकर्ताओं को बेहतर अनुभव मिल सके। सर्वम एआई द्वारा विकसित इस टूल का मकसद डिजिटल खाई को खत्म करना और देश के हर नागरिक को सही कौशल और नौकरी से जोड़ना है।

### सीखने व नौकरी पाने का आसान तरीका

*केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने इस लॉन्च पर कहा कि यह टूल देश के हर नागरिक को सीखने और नौकरी की जानकारी पाने का नया और आसान तरीका देगा। एआई और व्हाट्सऐप की मदद से लोग अब घर बैठे ही पर्सनल गाइडेंस ले सकेंगे, खासतौर पर गांव और दूरदराज के इलाकों के लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष शिवनाथ ठुकराल ने कहा कि यह पहल दिखाती है कि ओपन-सोर्स टेक्नोलॉजी के जरिए समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।*

# किसान के बेटे रोहित ने 10वीं बोर्ड में प्रदेश में पाया प्रथम स्थान

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। इसमें 92.49% बच्चे पास हुए हैं। सरकारी स्कूलों का पास रिजल्ट 89.30% रहा, जबकि प्राइवेट स्कूलों का रिजल्ट 96.28% रहा। ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतलोडा हिसार का छात्र रोहित प्रदेश में टॉपर रहा। इन्होंने 497 अंक हासिल किए है। इनके अलावा नगला राजपुताना अम्बाला की छात्रा माही, दुबलधन झज्जर की रोमा व इसी स्कूल की तान्या ने 497-497 अंक हासिल करके क्रमश थान पर रही। पानीपत के अक्षित, मटोर कैथल के योगेश,बौना लाखु पानीपत की छात्रा रिंकू, काहनौर रोहतक की दिव्यांशी, हिसार की सुनैयना व महम की दीक्षा 496 -496 अंक हासिल करके प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही।




## प्रदेश में प्रथम रहे रोहित, डॉक्टर बनकर करना चाहते हैं देश सेवा

**बरवाला।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित मैट्रिक कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में गांव मतलोढा के रोहित ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रोहित के पिता पेशे से किसान है। क्षेत्र के ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतलोढा में पढ़ने वाले रोहित ने 500 में से 497 अंक हासिल किया है। रोहित ने बताया कि उसने स्कूल के अलावा घर पर लगभग 5 -6 घंटे कड़ी मेहनत व लगन से नियमित पढ़ाई करके यह सफलता हासिल की है और अपनी इस सफलता का श्रेय स्कूल के गुरुजनों व माता-पिता को दिया है। रोहित ने भविष्य को लेकर कहा कि वह डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहता है।

### इन्हें भी मिला स्थान

इसी तरह नरवाना जींद की छात्रा निधि,सापला रोहतक की मानसी,बौंद कला चरखी दादरी की छात्रा रामा,चरखी दादरी की अक्षिता, मतलोडा हिसार की गर्विता, मदनहेड़ी हिसार की छात्रा खुशबू, हनसका रेवाड़ी की खुशी, कलिंगा भिवानी की मेघा, निगधू करनाल की जीना चौहान व माजरा दुबलधन झज्जर छात्रा इशु ने 495-495 अंक हासिल करके प्रदेश में तीसरे स्थान पर रही।




## नारायणगढ़: माही रोज बस से दस किमी सफर तय कर आती थी स्कूल

**नारायणगढ़।** शनिवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा के आए परीक्षा परिणाम में ग्रामीण आंचल के स्कूल न्यू सरस्वती स्कूल नगला राजपूतान की छात्रा माही ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम आए चार विद्यार्थियों की सूचि में स्थान प्राप्त कर अपने गांव , माता-पिता, क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया। माही शाहपूर नूर्द के निकट गांव जाटों की टपरियां की रहने वाली है। रोजाना अपने छोटे भाई के साथ अपने घर से 10 किलोमीटर दूर एक निजी स्कूल में बस में पढ़ने के लिए आती थी। माही के अनुसार रोजाना 20 किलोमीटर का सफर तय करने के उपरांत भी उसने अपना हौसला नहीं छोड़ा। रोजाना देर रात तक अपनी पढ़ाई कर बिना किसी ट्यूशन के ही यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय के प्रिंसिपल करम चंद सैनी के अनुसार माही ने गणित में 100, पंजाबी में 100,अंग्रेजी में 99 ,सामाजिक में 99, व साइंस में 99 अंक प्राप्त कर अपने स्कूल, अध्यापकों , अभिभावकों व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि माही शुरू से ही न्यू सरस्वती स्कूल की छात्रा रही है। इस छात्रा ने प्रदेश में प्रथम स्थान पाने का श्रेय अपने स्कूल के प्रधानाचार्य,मुख्य सलाहकार व अध्यापक गणों को दिया। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन सेल्फ स्टडी अपने अध्यापकों के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार करती थी। वह सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखती थी। माही का




## सोशल मीडिया से दूरी बनाकर निधि ने प्रदेश में तीसरा स्थान पाया

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जारी शनिवार को 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस परीक्षा परिणाम में नरवाना के एसडी कन्या महाविद्यालय की छात्रा निधि ने 500 में से 495 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं जींद जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर रहा है। हालांकि पिछले साल भी जींद पांचवें स्थान पर ही था लेकिन पास प्रतिशत ज्यादा था। इस बार जींद का पास प्रतिशत 95.07 प्रतिशत है जबकि पिछले साल यह 97.29 था। इस वर्ष दसवीं कक्षा के 15 हजार 812 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 15 हजार 32 विद्यार्थी पास हुए हैं जबकि 631 बच्चे ईआईओपी इम्प्रूवमेंट ऑफ परफोरमेंस की श्रेणी में आए हैं। 149 बच्चों का कंपार्टमेंट आया है। पिछले सत्र 2023.24 में 16 हजार 430 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 15 हजार 984 पास हुए थे और 353 ईआईओपी की श्रेणी में थे। 2022-23 के सत्र में 16 हजार 570 बच्चों ने परीक्षा दी थीए जिनमें 12185 बच्चे पास हुए थे और 1719 बच्चों की कंपार्टमेंट आई थी। उस साल 2669 बच्चे फेल हो गए थे।

### आठ घंटे पढ़ाई करती थी

स्कूल से आने के बाद आठ घंटे पढ़ाई करती थी व पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी। सेल्फ स्टडी करके ही निधि ने यह मुकाम हासिल किया है। निधि नॉन मेडिकल लेकर कुछ यूनिक करना चाहती है




## आठ घंटे की पढ़ाई कर पाई सफलता डॉक्टर बनना चाहती है जीनत

**करनाल।** 10वीं कक्षा में हरियाणा में तीसरे स्थान और करनाल जिला में पहले स्थान पर रहने वाली छात्रा जीनत ने कहा कि वह बहुत खुश है। वह रोज सात से आठ घंटे पढ़ती थी। जब मुझे लगता था कि जो टारगेट मुझे पूरा करना है और वह पूरा नहीं हो पा रहा है तो मैं पढ़ाई को ओर भी ज्यादा टाइम देती थी। आज मेरा रिजल्ट आया। रिजल्ट आते ही मैने सबसे पहले अपने पापा को बुलाया। पापा बहुत खुश थे, मैं भी हजम ही नहीं कर पा रही थी कि मेरा इतना अच्छा रिजल्ट आया है। आगे मैं मेडिकल की पढ़ाई करूंगी और डॉक्टर बनना चाहती हूं। स्कूल में भी सबसे ज्यादा सपोर्ट मिला और परिवार का भी पूरा मार्गदर्शन रहा है। मैं एक ऐसी स्टूडेंट हूं, जो बात बात पर नर्वस हो जाती हूं। परिवार ने भी मुझे मोटिवेट किया है, और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पिता खेती का काम करते है।

### गुरुजन व माता-पिता के आशीर्वाद से मिली सफलता: दिव्यांशी

कलानौर के एसवीएम स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा दिव्यांशी ने पूरे हरियाणा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। दिव्यांशी ने 500 में से 496 अंक प्राप्त किए हैं। दिव्यांशी ने बताया कि यह सब उनके गुरुजन व माता पिता द्वारा प्रदान की गई शिक्षा के कारण ही संभव हो पाया है। वह सभी की बहुत आभारी हैं। वहीं इस दौरान, उनके टीचर ललित शर्मा ने बताया कि पढ़ाई में काफी होशियार रही हैं।




## डॉक्टर बनकर असहाय लोगों की सेवा करना चाहती है खुशी

**रेवाड़ी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड बारहवीं में छठे स्थान पर आने के बाद शनिवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 96.85 प्रतिशत के साथ रेवाड़ी जिला स्टेट में टॉप पर आया है। रेवाड़ी के गांव हांसाका स्थित श्री कृष्ण सीनियर सेकैंडरी स्कूल की छात्रा खुशी ने मेधा सूची में प्रदेश में तीसरे नंबर पर आकर जिले का नाम रोशन किया है। खुशी ने 500 में से 495 अंक लेकर प्रदेश में तीसरा स्थान पाया है। प्रदेशभर में फिर से 94.06 प्रतिशत के साथ लड़कियों का बोलबाला रहा है। लड़कों का प्रदेश में पास प्रतिशत 91.07 प्रतिशत रहा है।

### 5 से 6 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी

श्री कृष्णा सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका की छात्रा व गांव बालियर खुर्द निवासी खुशी के पिता विनय कुमार शहर में कॉस्मेटिक की दुकान चलाते है तथा मां सुमन ग्रहणी है। खुशी की उपलब्धि से स्कूल, क्षेत्र व परिवार में खुशी का माहौल है। खुशी ने अंग्रेजी व मैथ में 100-100 अंक तथा साइंस व संस्कृत में 99-99 अंक, हिंदी 89 व गृह विज्ञान 97 अंक हासिल किए है। खुशी का सपना डॉक्टर बनकर जरूरत व असहाय लोगों की सेवा करने का है। स्कूल के संचालक सुरेश कुमार ने बताया कि स्कूल में एक्सट्रा क्लॉश में पढ़ने के बाद खुशी घर में 5 से 6 घंटे नियमित पढ़ाई करती थी। खुशी ने हर कक्षा में टॉप किया है। खुशी के सम्मान में सोमवार को स्कूल में समारोह का आयोजन किया जाएगा।

---

बच्चों ने घर जाकर गुनगुनाया तो परिजन भड़के, की नारेबाजी

# पानीपत में मुस्लिम टीचर ने क्लास में कलमा पढ़वाया, शिकायत पर बर्खास्त

- मामला बिगड़ने की आशंका पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और समझौता करवा दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में एक महिला मुस्लिम टीचर ने आठवीं क्लास के सनातन धर्म के मानने वाले विद्यार्थियों को कलमा पढ़वाती थी। इसका खुलासा तब हुआ जब विद्यार्थियों ने घर जाकर कलमा गुनगुनाया। विद्यार्थियों के कलमा गुनगनाने से नाराज अभिभावक एकत्र होकर स्कूल पहुंचे और स्कूल में टीचर के खिलाफ शिकायत दी गई। इसके बाद माता-पिता की शिकायत पर महिला टीचर को तुरंत स्कूल से बर्खास्त कर दिया गया है। मामला बिगड़ने की आशंका पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन मामले में समझौता करवा दिया गया है। स्मरणीय है कि सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सन 2002 से बच्चों को शिक्षित कर रहा है। वहीं आठवीं में संस्कृत की टीचर महजीब अंसारी उर्फ माही ने लेक्चर लिया। इस लेक्चर के दौरान टीचर ने विद्यार्थियों को कलमा पढ़ाया। स्कूल की छुट्टी के बाद विद्यार्थियों घर पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने कलमा गुनगुनाया। इसे परिजनों ने सुन लिया। तब विद्यार्थियों से जानकारी ली गई, तो उन्हें पता चला कि स्कूल में महजीब अंसारी उर्फ माही ने सिखाया है। इधर, इस घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू महासभा के सदस्य भी स्कूल पहुंचे और उन्हें महजीब अंसारी उर्फ माही ने पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इधर, अभिभावकों की मांग पर प्रिंसिपल इंदु से महजीब अंसारी उर्फ माही ने को सेवा मुक्त कर दिया।



पानीपत। सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के गेट पर प्रदर्शन करते हुए अभिभावक व हिंदू सभा के नेतागण। फोटो : हरिभूमि

रेवाड़ी-नारनौल-जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हादसा

# खड़ी बस में कैंटर ने मारी टक्कर, पुलिस जवान की मौत व दस यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रेवाड़ी-नारनौल-जैसलमेर नेशनल हाइवे पर शुक्रवार देर रात गांव माजरा बस स्टैंड के पास प्राइवेट बस को कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी। सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस में तैनात राजस्थान के हुंडिया जैतपुर निवासी एक जवान की मौत हो गई और करीब 10 से ज्यादा सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों व मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों का अस्पताल में पहुंचाया। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने कैंटर ड्राइवर को पकड़ लिया। शुक्रवार रात्रि करीब 8:30 बजे एक प्राइवेट बस रेवाड़ी से नारनौल की ओर जा रही थी। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। माजरा भलखी बस स्टैंड पर यात्रियों को उतारने के लिए ड्राइवर ने बस रोकी थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक कैंटर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। भीषण टक्कर में बस का पिछला हिस्सा व कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में राजस्थान के हुंडिया जैतपुर निवासी दिल्ली पुलिस के जवान अतुल की मौके पर ही मौत हो गई। आवाज सुनकर आसपास के लोगों की भीड जमा हो गई। उन्होंने पुलिस का सूचना दी व घायलों को बाहर निकाला।



रेवाड़ी। बस को टक्कर मारने के बाद क्षतिग्रस्त कैंटर। फोटो : हरिभूमि

### घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही खोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंड पुलिस चौकी टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने कैंटर चालक पर केस दर्ज कर लिया है। नीलम कौशिक निवासी अटेली मंडी ने बताया कि वह अपने पति जयदीप के साथ घर जा रही थी।

## कुरुक्षेत्र: हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी राहुल कुमार, गोल्डी कुमार, मनीष कुमार व नसीब चन्द वासीयान मोहडी जिला कुरुक्षेत्र को आजीवन कठोर कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। 19 नवम्बर 2019 अभिलाश वासी मिजार्पुर शाहबाद पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 18 नवम्बर 19 वह अपने भाई के साथ गांव मोहडी में मौसी के घर शादी में आए हुए थे। रात कहासुनी हो गई। छोटे भाई के पेट में चाकू से वार किया हत्या कर दी थी।

**NOTICE**

Quotations are invited by 31st May, 2025 in Sealed envelopes on school address Jyanti Prasad DAV Public School, Garhi Jhanjhara Road or school e-mail id (jpdavganaur@yahoo.com). for sale of one TATA School Bus, Model 2015, 42 Seater. For any further assistance call to 94680-43075.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
{UNDER GUARDIAN AND WARD ACT}
IN THE COURT OF
**Sh. Sudhir Kumar**
Civil Judge (Senior Division), Karnal
**Jinal etc**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRKR02-000605-2025
Next Date : 05.07.2025
GW/11/2025
NOTICE TO:
**General Public**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **05.07.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Karnal
Sd/- Addl. Civil Judge (Senior Division), Karnal
Dated, this day of 17.05.2025

## रेवाड़ी: मोबाइल दिलाने की जिद नहीं की पूरी तो किशोर ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मोहल्ला चौधरीवाड़ा में 13 साल के किशोर ने मोबाइल फोन दिलाने की जिद पूरी नहीं होने पर फंदा लगाकर जान दे दी। पांच दिन पूर्व परिवार ने उसका जन्मदिन मनाया था। उसके बाद से ही फोन नहीं मिलने के कारण किशोर नाराज चल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। कालीचरण उर्फ कालू दिल्ली से सामान लाकर शहर की दुकानों पर सप्लाई करता है। उसका 13 साल का बेटा कन्हैया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छठीं कक्षा में पढ़ता था। गत 12 मई को कन्हैया का जन्मदिन था। बताया जा रहा है कि जन्मदिन पर कन्हैया मोबाइल फोन दिलाने की जिद कर रहा था। शुक्रवार को भी उसने पिता से मोबाइल फोन दिलाने की जिद की। माता-पिता ने उसे बाद में फोन दिलाने की बात कहते हुए डांट दिया। कुछ देर बाद कन्हैया पास में ही स्थित अपने रिश्तेदार के यहां चला गया। रात दस बजे वह वापस घर आया। घर की पहली मंजिल पर उसकी मां और नीचे एक कमरे में पिता कालीचरण मौजूद थे।



मृतक कन्हैया।

## माई इलेवन सर्कल ऐप पर जीते 3 करोड़, पैसे विड्राल करवाने के नाम पर ढाई लाख चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

माई इलेवन सर्कल ऐप पर टीम बनाकर 3 करोड़ रुपये जीतने वाला फतेहाबाद के मॉडल टाऊन का युवक ठगी का शिकार हो गया। जीती गई राशि निकालने के एवज में उससे अढ़ाई लाख रुपये ठग लिए और उसका अब उसका एप अकाउंट भी ब्लॉक कर दिया गया है। इस मामले में पीड़ित युवक की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मॉडल टाऊन निवासी संजय गोदारा ने बताया कि वह माई 11 सर्कल एप पर क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेलता है। उसने अप्रैल 2021 में रजिस्टर करके अपनी आईडी बनाई थी। 5 अप्रैल 2025 को उसने आईपीएल के चेन्नई और दिल्ली के बीच हुए मैच के लिए टीम बनाई थी। उसमें उसका स्कोर 911.5 रहा। इस मैच में वह प्रथम विजेता रहा। उसकी विजेता राशि 3 करोड़ रुपए और एक थार गाड़ी थी। उसने थार गाड़ी लेने से मना कर दिया। इसके बदले 11 लाख 50 हजार रुपए उसके माई 11 सर्कल एप के अकाउंट में जमा हो गए। इस मैच में कुल जीती गई राशि 3 करोड़ 11 लाख 50 हजार रुपए हो गई। उसी दिन बधाई संदेश आया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाल सिंह** पुत्र श्री ओमकार निवासी गाँव गोद, पुलिस स्टेशन नरनौल, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 112/2012 धारा 279/337/304ए भा.द.स. थाना नांगलोई, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **लाल सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **लाल सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 112/2012 धारा 279/337/304ए भा.द.स. थाना नांगलोई, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **लाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **08.07.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री आकांक्षा**
**न्यायिक दणाधिकारी प्रथम श्रेणी–05,**
**कमरा नंबर 336ए, द्वितीय तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/6146/OD/2025

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5870




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा–4
3.गिरवी रखी वस्तु–3
5.चहा,पेय पदार्थ–2
6.ऐयार,गुप्तचर–3
7.संध्या,सांझ–2
9.रसद,किराणा सामग्री–3
11.करामात,करतब–5
14.विक्रय स्थल–3
16.कलाकार–4
17.चाहत,लगन–2
18.सद्,अच्छा–2
19.लंबा कोट–4
23.पानी की बूंद–3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण–5
27.लोभ,लालसा–3
28.दौड़ना(अंग्रेजी–2)
30.रेखा,लाइन–3
31.अकुवा,आकड़ा–2
32.अव्यवस्थित भीड़–3
33.अचानक,सहसा–4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब–2
2.सम्राट,शहंशाह–4
3.सांभर जैसा खाद्य–3
4.सरुर, मद–2
5.चापलूस–4
6.प्राण, जीवन तत्व–2
8.चिंतन–3
10.भद्र, कुलीन–3
12.अपराध–3
13.पिता का भाई–2
15.यात्री दल–3
17.प्रेम लगन–3
18.भ्रमर,जलावर्त–3
20.चमड़ी,त्वचा–2
21.अनुकृति–3
22.आर्द्रक–4
23.कटि,मध्यांग–3
25.हठ करना, जिद करना,रोना–4
26.साजन,सनम–3
27.थूक,लेस–2
29.भीगा हुआ–2
31.उम्मीद,आशा–2

### शब्द पहेली- 5869 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |



# टेटे विश्व चैंपियनशिप: श्रीजा हारी, अन्य भारतीय जीत के साथ अगले दौर में

भाषा ⏭ दोहा



भारत की नंबर एक खिलाड़ी श्रीजा अकुला पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं, लेकिन दीया चिताले और मानुष शाह सहित देश के अन्य खिलाड़ी शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में महिला और पुरुष एकल स्पर्धाओं के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। युगल वर्ग में भी भारतीय जोड़ियां दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। मुखर्जी बहनों (अयहिका और सुतिर्था) के साथ दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी ने शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में अपने-अपने महिला युगल के शुरुआती मैच जीत लिए। मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल भारतीय जोड़ी ने भी जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। अपने खेल में आमतौर पर बेहद कम गलतियां करने वाली अकुला थाईलैंड की सुथासिनी सावेत्ता से 1-4 (11-9 8-11 6-11 5-11 2-11) से हार गईं। यह भारतीय खिलाड़ी के लिए निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि वह दुनिया की 84वें नंबर की खिलाड़ी से हारकर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गयी। श्रीजा पहला गेम जीतने के बाद अपनी लय गवां बैठीं और लगातार गलतियां करते हुए महज 33 मिनट में हार गयी। एशियाई खेलों की पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था ने तुर्की की ओजगे यिलमाज और एसे हाराक की जोड़ी को पांच गेमों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (4-11 11-9 10-12 11-9 11-7) से हराया। इस परिणाम का मतलब है कि भारतीय जोड़ी ने छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए आईटीटीएफ विश्व चैम्पियनशिप के अगले दौर में प्रवेश किया।

# अवनि बनीं फिडे रेटिंग चैंपियन



**मुंबई।** कर्नाटक की अवनि उडिपी शनिवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स फिडे रेटिंग टूर्नामेंट में महाराष्ट्र के मयूरेश पारकर के मुकाबले बेहतर टाईब्रेकर स्कोर के आधार पर चैंपियन बनीं। बीस वर्षीय अवनि (फिडे रेटिंग 1669) ने पारकर (फिडे रेटिंग 1757) के समान सात अंक हासिल किए। मुख्य निर्णायक अजिंक्य पिंगले ने उन्हें विजेता घोषित किया। अवनि ने 36.5 का टाई-ब्रेक स्कोर हासिल किया जबकि पारकर ने 32 का स्कोर बनाया। छह प्रतियोगियों ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरे से आठवें स्थान पर जगह बनाई।

## इटैलियन ओपन

# सिनर-अल्कारेज के बीच होगा खिताबी मुकाबला



एजेंसी ⏭ रोम

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार रात को यहां टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी।

सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

## खबर संक्षेप



### यू मुंबा ने कोर टीम को बरकरार रखा

**मुंबई।** सुनील कुमार प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा की अगुवाई करना जारी रखेंगे, जिसमें टीम ने टूर्नामेंट के 12वें सत्र के लिए रेडर रोहित राघव सहित अपने नौ प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। दायीं ओर से डिफेंडर की भूमिका निभाने वाले सुनील पीकेएल इतिहास में सबसे सफल कप्तान हैं तो वहीं राघव पिछले सत्र में टीम के लिए तुरूप का इक्का बनकर उभरे थे। नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी से बोली हासिल करने में नाकाम रहे राघव ने चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर टीम से जुड़कर पिछले सत्र में 68 रेड पॉइंट और 11 टैकल पॉइंट के साथ प्रभावित किया था।

### जीव आयरिश लीजेंड्स में संयुक्त चौथे स्थान पर

**किलकेनी।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यहां 'आयरिश लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट' के दूसरे दिन पांच अंडर 67 का संयुक्त रूप




से दिन का सबसे बेहतर कार्ड खेला जिससे वह दो दौर के खेल के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर है। उन्होंने पहले दौर में 70 का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर का है। उनके और तालिका में शीर्ष पर काबिज कीथ हॉर्न (65-68) के बीच चार शॉट का फासला है। जीव पिछले साल इस स्पर्धा में संयुक्त आठवें स्थान पर रहे थे।

### भारत जीत का मजबूत दावेदार


**यूपिया।** भारतीय टीम सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को यहां चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ



मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश टूर्नामेंट में अब तक के दबदबे वाले अजेय क्रम को जारी रखने की होगी। ग्रुप चरण में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद भारत जीत का प्रबल दावेदार है। टीम ने ग्रुप चरण में श्रीलंका को 8-0 और नेपाल को 4-0 से धूल चटाने के बाद सेमीफाइनल में मालदीव को 3-0 से रौंदा। बांग्लादेश भी अब तक अजेय है। उसने मालदीव के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला।

### युकी और गैलोवे सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन



हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।

## आईपीएल : रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में कर रही औसत प्रदर्शन

# पंजाब की नजरें प्ले ऑफ पर, प्रतिष्ठा बचाने आज उतरेगा राजस्थान रॉयल्स

एजेंसी ⏭ जयपुर

पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है। एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था।


ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन वे आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी।






### गुजरात की मजबूत टीम से होगी दिल्ली की भिड़ंत

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके। दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा रहा है लेकिन कई विदेशी खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वापस नहीं आ रहे जिससे फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बाकी सत्र के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया।



### बारिश के कारण आरसीबी-केकेआर आईपीएल मैच रद

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिले। आरसीबी इस तरह आईपीएल प्लेऑफ के एक कदम और करीब पहुंच गई है जबकि केकेआर दौड़ से बाहर हो गई है। शाम छह बजे के आसपास शुरू हुई बारिश बंद नहीं हुई जिससे टॉस भी नहीं हो सका और अधिकारियों ने आखिरकार रात 10.24 बजे खेल रद्द करने का फैसला किया। आरसीबी के अब 12 मैच में 17 अंक हैं और बचे हुए दो मैच में से एक में जीत उनके लिए प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए काफी होगी। फिलहाल वे गुजरात टाइटन्स (16 अंक) से आगे तालिका में शीर्ष पर हैं।

# जूनियर निशानेबाज पहले विश्व कप के लिए तैयार



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के 40 निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला जत्था जर्मनी के सुहल में जूनियर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी कैलेंडर के पहले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए शनिवार को रवाना होगा। प्रतिस्पर्धा 20 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होंगी। भारत पिछले साल तीन जूनियर आईएसएसएफ टूर्नामेंट में से दो में शीर्ष पर रहा था। इस साल भारत ने 57 निशानेबाजों का बड़ा दल उतारा है जिनके साथ 21 कोच और सहयोगी स्टाफ होंगे। अब 38 सदस्यों (28 निशानेबाज और 10 सहयोगी स्टाफ) का दूसरा जत्था रविवार को रवाना होगा।

## नीरज ने जताई खुशी

# मैं फिट... चोटमुक्त, और 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर नजर




एजेंसी ⏭ दोहा

राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी।

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया नीरज ने स्पर्धा के बाद कहा, 'मैं 90 मीटर के प्रयास से बहुत खुश हूं लेकिन यह असल में थोड़ा खट्टा-मीठा अनुभव है। लेकिन कोई बात नहीं मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं।' जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर तक भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड है और वह आमतौर पर डाइमंड लीग में नहीं जाते लेकिन चेक गणराज्य का यह कोच चोपड़ा के साथ यहां आया था क्योंकि उन्हें लगा था कि इस प्रतियोगिता में 90 मीटर के आंकड़े को पार किया जा सकता है।

### अब ग्रोइन की समस्या नहीं

नीरज ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों से मुझे हमेशा ग्रोइन में कुछ महसूस होता था। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाया। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं। हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मेरा मानना है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप से पहले की प्रतियोगिताओं में 90 मीटर से अधिक भाला फेंक सकता हूं।'

### अगला लक्ष्य भी 90 मीटर

विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित की जाएगी जिसमें हरियाणा के नीरज गत चैंपियन हैं। अब जब 90 मीटर का आंकड़ा पार हो गया है तो अपने अगले लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, 'मेरा अगला लक्ष्य 90 मीटर ही है। मुझे लगता है कि मैं और आगे फेंकने के लिए तैयार हूं। यह एक लंबे सत्र की शुरुआत है।' नीरज ने कहा कि यहां की परिस्थितियों ने उन्हें बड़े थ्रो करने में मदद की क्योंकि हवा चल रही थी।

# अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के दौरे को लेकर भरोसा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को अपना भरोसा दोहराया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य का दौरा करेगी।




उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट किया कि इस शीर्ष फुटबॉल टीम को राज्य में लाना सरकार की नहीं बल्कि प्रायोजकों की जिम्मेदारी है। मंत्री की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया है कि अर्जेंटीना टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि कोच्चि स्थित रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने अर्जेंटीना टीम के साथ करार किया था और अनुबंध अभी बरकरार है। अब्दुरहीमान ने कहा कि प्रायोजकों ने आश्वासन दिया है कि वे बिना किसी देरी के इस संबंध में भुगतान संबंधी मसलों को जल्द ही सुलझा लेंगे।

# एस्टन विला और चेल्सी जीते, चैंपियंस लीग क्वालीफाई करने की बढ़ी उम्मीद

एजेंसी ⏭ बर्मिंघम



एस्टन विला और चेल्सी ने अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज करके प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष पांच में रहने और अगले साल होने वाली चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ा दी। एस्टन विला ने एजरी कोन्सा और बोबाकार कामरा के गोल की मदद से टोटेनहैम हॉट्सपर को 2-0 से हराया जबकि चेल्सी ने मार्क सुसुरेला के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाईटेड को 1-0 से शिकस्त दी।

इस जीत से चेल्सी की टीम 66 अंक के साथ चौथे जबकि एस्टन विला की टीम इतने ही अंकों के साथ खराब गोल अंतर के कारण पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लीवरपूल चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई कर चुका है। बाकी टीमें चार स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। आर्सेनल की टीम 68 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर मौजूद न्यूकासल के 66 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी की टीम 65 अंक के साथ छठे जबकि नॉटिंघम फॉरेस्ट की टीम 62 अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

### हॉकी इंडिया ने घोषित की जूनियर महिला टीम

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की जिसमें गोलकीपर निधि को कप्तान बनाया गया है जबकि हिना बानो उप-कप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से दो जून तक खेला जाएगा जिसमें भारत और मेजबान अर्जेंटीना के अलावा उरुग्वे और चिली की टीम हिस्सा लेंगी। दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम प्रत्येक टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो उसे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को बेहतर करने में मदद करेगा।

## भारत के टेस्ट कप्तान को लेकर पूर्व कोच रवि शास्त्री का बयान

# भारत की कप्तानी के लिए गिल-पंत बेहतर विकल्प

एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टेस्ट प्रारूप में भारत की कप्तानी के लिए शुभमन गिल और ऋषभ पंत बेहतर विकल्प होंगे। उनके पास इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी का अनुभव है और इस भूमिका के लिए उनकी उम्र आदर्श है।

शास्त्री ने इसके साथ कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप में नेतृत्व की भूमिका के लिए जसप्रीत बुमराह सबसे अच्छे विकल्प होते लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण इस तेज गेंदबाज को अतिरिक्त बोझ से बचाया जाना चाहिए। भारत के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शामिल शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मैं मानता हूं कि कप्तानी के लिए जसप्रीत स्पष्ट




विकल्प होते। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए। इससे आप एक गेंदबाज के तौर पर उन्हें गंवा सकते हैं। रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चयनकर्ताओं को एक नया टेस्ट कप्तान चुनना होगा। भारत को खेल के लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला श्रृंखला खेलनी है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ की इस चोट से उबरने में लगभग तीन महीने लगे। वह इस दौरान चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। इस 31 साल के गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान वापसी करते हुए मौजूदा सत्र में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं।

### उम्र पर भी ध्यान दे बोर्ड

शास्त्री ने कहा कि बोर्ड को कप्तान तय करते समय खिलाड़ी की उम्र और वह संभावित तौर पर कितने समय तक क्रिकेट खेल पाएगा इन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। गिल 25 साल के है जबकि पंत की उम्र 27 साल है। गिल गुजरात टाइटन्स की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि विकेटकीपर और आक्रामक बल्लेबाज पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान संभाल रहे हैं। शास्त्री ने कहा, 'आप किसी को तैयार करते हैं और मैं कहूंगा कि शुभमन बहुत अच्छा विकल्प लग रहा है। उसे मौका दें। वह 25, 26 साल का है, उसे समय भी दें। ऋषभ भी अच्छा विकल्प है। मुझे लगता है कि ये दोनों ही बेहतर खिलाड़ी है और उम्र की कसौटी पर भी खरे उतरते है। उनके पास एक दशक का समय है। उन्हें चीजों को सीखने समझने का मौका मिलना चाहिए।'

**हर देश के लिए उसकी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। जब कोई भी देश सैन्य तौर पर संघर्षरत होता है, तभी उसकी विदेश नीति की और उसके दोस्त देशों की वास्तविक कसौटी पर परख होती है। सैन्य युद्ध का विकराल और विकट दौर ही वस्तुतः इस तथ्य को सुनिश्चित कर देता है कि कौन सा देश किसके साथ खड़ा है। पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान आठ मई को उसने बड़ी तादाद में ड्रोन विमानों से भारत पर हमला किया, जो तुर्किये में निर्मित सोनगार ड्रोन थे। उसने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध पाकिस्तान को गोला-बारुद, समुद्री जहाज, ड्रोन और हरक्यूलिस विमान उपलब्ध कराकर रेखांकित कर दिया है कि वह दुनिया का सबसे अहसान फरामोश और कृतघ्न देश है। उसके लिए दोस्ती बेमानी है। तुर्किये वस्तुतः पश्चिम एशिया का अकेला मुल्क रहा जो कि पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ। हालांकि वह भूल गया कि मुसीबत के समय में ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत द्वारा विमानों के जरिए तुर्किये को राहत सामग्री बड़े पैमाने पर भेजी गई थी। तब तुर्किये के तत्कालीन राजदूत फिरात सुनेल ने फरमाया था कि 'ऑपरेशन दोस्त' भारत और तुर्किये के मध्य गहन और संजीदा दोस्ती का इजहार करता है और सच्चे दोस्त हमेशा एक दूसरे की इमदाद किया करते हैं। आजकल के ताजा अंक में इसी अहसान फरामोशी का विश्लेषण...**

# कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि



**विश्लेषण**
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**ऐसा पहली दफा घटित नहीं हुआ है कि जब तुर्किये हुकूमत भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य किसी मसले पर पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक दफा पाकिस्तान को तुर्किये की हुकूमत स्पष्ट समर्थन प्रदान कर चुकी है। विगत बीस वर्षों से भारत से दोस्ती का दम भरता हुआ और पाक परस्त मुजाहिदों के हाथों भयंकर जिहादी जख्म खाया हुआ अमेरिका, सैन्य संघर्ष के दौर में भारत और पाक को एक पलड़े में तोलता नजर आया। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन द्वारा तुर्किये को पाकिस्तान का सगा भाई करार दिया गया। भारत ने राहत और बचाव कार्य के लिए तुर्किये और सिरिया में 'ऑपरेशन दोस्त' चलाया था।**



एक देखा परखा सिद्धांत है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। जब कोई भी देश सैन्य तौर पर संघर्षरत होता है, तभी उसकी विदेश नीति की और उसके दोस्त देशों की वास्तविक कसौटी पर देख परख हो जाती है। सारे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। इस महान उक्ति में निहित है, आत्ममुग्धता जोकि तल्ख वास्तविकता से कहीं दूर एक गलतफहमी है। सैन्य युद्ध के विकराल और विकट दौर ही वस्तुतः इस तथ्य को सुनिश्चित कर देता है कि कौन सा देश किसके साथ खड़ा है। भारत और पाकिस्तान के मध्य जब सैन्य संघर्ष जारी था, उस वक्त तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन 'पाकिस्तान तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' का नारा बुलंद कर रहे थे। तुर्किये की हुकूमत खुलकर पाकिस्तान की हिमायत कर रही थी और पाकिस्तान को आधुनिकतम हथियार उपलब्ध करा रही थी। ऐसा पहली दफा घटित नहीं हुआ है कि जब तुर्किये हुकूमत भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य किसी मसले पर पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक दफा पाकिस्तान को तुर्किये की हुकूमत स्पष्ट समर्थन प्रदान कर चुकी है। विगत बीस वर्षों से भारत से दोस्ती का दम भरता हुआ और पाक परस्त मुजाहिदों के हाथों भयंकर जिहादी जख्म खाया हुआ अमेरिका, सैन्य संघर्ष के दौर में भारत और पाक को एक पलड़े में तोलता नजर आया।

## तुर्किये पाकिस्तान का सगा भाई

तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन द्वारा तुर्किये को पाकिस्तान का सगा भाई करार दिया गया। पहलगाम के बर्बर और नृशंस हमले को लेकर तुर्किये के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के प्रस्ताव को भी अपनी हिमायत प्रदान की थी, जिस प्रस्ताव के तहत पेशकश की गई थी कि पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच करा ली जाए। पहलगाम हमले के कुछ वक्त बाद ही ड्रोन हथियारों से भरा हुआ है एक टर्किश एयर फोर्स का सी-130 फाइटर जेट पाकिस्तान में लैंड हुआ था। सैन्य संघर्ष शुरू होने से पहले हथियारों से लबरेज तुर्किये का एक युद्ध पोत भी कराची बंदरगाह पर पहुंचा। सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने दावा पेश किया कि आठ मई को पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में ड्रोन विमानों से भारत पर हमला किया, जो तुर्किये में निर्मित सोनगार ड्रोन थे, हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने ड्रोन आक्रमणों के ज्वलंत तथ्यों से स्पष्ट इंकार किया। सोनगार ड्रोन अर्थात मानव रहित हवाई वाहन हैं, जिन्हें तुर्किये की डिफेंस फर्म और आसिस गार्ड ने डिजाइन किया और विकसित किया है। तुर्किये वस्तुतः पश्चिम एशिया का अकेला मुल्क रहा जो कि पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ। गल्फ के दूसरे अरब मुल्कों ने पाकिस्तान के प्रति अपनी हिमायत व्यक्त करने से सख्त परहेज किया किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के फरवरी महीने में जब तुर्किये और सीरिया में विनाशकारी भूकंप प्रकट हुआ था और उस वक्त हजारों लोगों की मौतें हुई और लाखों लोग बेघर हो गए।

## भारत ने की थी तुर्किये की मदद

हुकूमत ए हिंदुस्तान ने राहत और बचाव कार्य के लिए तुर्किये और सिरिया में 'ऑपरेशन दोस्त' का आगाज किया था। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत द्वारा विमानों के जरिए तुर्किये को राहत सामग्री बड़े पैमाने पर भेजी गई। तब तुर्किये के तत्कालीन राजदूत फिरात सुनेल ने फरमाया था कि 'ऑपरेशन दोस्त' भारत और तुर्किये के मध्य गहन और संजीदा दोस्ती का इजहार करता है और सच्चे दोस्त हमेशा एक दूसरे की इमदाद किया करते हैं। भारत द्वारा तुर्किये को उपलब्ध कराया गया इमदादी सामान वस्तुतः मानवीय मदद थी और इससे उम्मीद की जा रही थी कि ऑपरेशन दोस्त से दोनों देशों के परस्पर संबंध बेहतर हो जाएंगे। कूटनीतिक विडंबना देखिए कि तुर्किये द्वारा भारत को दोस्त करार दिया जाता है और पाकिस्तान को सगा भाई। परंपरागत तौर पर सऊदी अरब और यूएई पाकिस्तान के अत्यंत करीबी मुल्क रहे हैं, किंतु आजकल भारत के ताल्लुक़ात सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ बहुत मजबूत बन गए हैं। एक यक्ष प्रश्न है कि आखिरकार तुर्किये के साथ भारत के ताल्लुक़ात दोस्ताना क्यों नहीं बन पाए? तुर्किये और भारत के मध्य कूटनीतिक संबंधों की शुरुआत सन् 1948 में हो गई थी, लेकिन अनेक दशक व्यतीत हो जाने के पश्चात भी दोनों मुल्क करीबी दोस्त नहीं बन पाए। तुर्किये और भारत के मध्य कूटनीतिक के तनाव कायम बने रहने के मुख्य तौर पर दो स्पष्ट कारण रहे हैं।

## तनाव के पीछे मुख्य दो कारण

पहला कारण कश्मीर के जटिल विवाद पर तुर्किये का पाकिस्तान की तरफ सदैव से ही झुकाव बने रहना और दूसरा कारण रहा कि शीत युद्ध के दौर में तुर्किये का अमेरिकन सैन्य गुट नाटो में शामिल हो जाना। जबकि शीत युद्ध के दौर में भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व कर रहा था। शीत युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ के मध्य सन् 1947 से लेकर सन् 1991 तक एक दीर्घकालीन राजनीतिक और सैन्य दुश्मनी कायम बनी रही थी। जब शीत युद्ध का दौर समापन की ओर था तो उस दौर ए वक्त में तुर्किये के उदार राष्ट्रपति करार दिए जाने वाले तुरगुत ओजाल ने भारत के साथ कूटनीतिक ताल्लुक़ात को निकट बनाने की कोशिश भी अंजाम दी थी। सन् 1986 में तुरगुत ओजाल ने भारत का राजकीय दौरा किया। 1988 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी तुर्किये का शासकीय दौरा किया। राजीव गांधी के दौरे के पश्चात दोनों मुल्कों के कूटनीतिक रिश्तों में अनेक पहलुओं पर सुधार आया। सन् 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और सन् 2014 में आर्दोआन तुर्किये के प्रधानमंत्री पद से तुर्किये के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हुए। सन् 2017 में राष्ट्रपति आर्दोआन भारत में राजकीय दौरे पर पधारे, किंतु प्रायः विदेशी दौरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुर्किये के आधिकारिक दौरे पर कभी नहीं जा सके। सन् 2019 में नरेंद्र मोदी को तुर्किये के शासकीय दौरे पर जाना निश्चित था, किंतु संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रपति आर्दोआन द्वारा कश्मीर पर दिए गए बयान के बाद, जिसमें उन्होंने कश्मीर में धारा 370 को निरस्त किए जाने का बाकायदा विरोध किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तुर्किये दौरा अनिश्चित कॉल के लिए स्थगित कर दिया गया। हुकूमत ए तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का अंध समर्थन किए जाने के कारणवश भारत और तुर्किये के मध्य तल्ख हो चुके कूटनीतिक ताल्लुक़ात में फिलहाल सुधार आने की कोई उम्मीद दिखाई नहीं देती। भारत द्वारा कश्मीर के जटिल विवाद पर किसी अन्य राष्ट्र की मध्यस्थता को कदाचित स्वीकार नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके द्वारा पाकिस्तान और भारत के मध्य युद्ध विराम कराया गया है।

## युद्ध विराम मुद्दे पर ट्रंप की भूमिका संदिग्ध

पाकिस्तान ने भी युद्ध विराम कराने में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की भूमिका को बाकायदा स्वीकार किया है। हालांकि भारत सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में युद्ध विराम को द्विपक्षीय करार दिया है और युद्ध विराम में अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप के नाम का उल्लेख तक नहीं किया है। अपनी सऊदी अरब की यात्रा के दौरान प्रेसिडेंट ट्रंप ने तकरीर में फरमाया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य युद्ध विराम अंजाम दिलाने के लिए मैंने काफी हद तक व्यापार (ट्रेड) का बखूबी इस्तेमाल किया। प्रेसिडेंट ने दावा पेश किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर यह कहते हुए सीज फायर अंजाम देने के लिए जबरदस्त दबाव डाला था कि अगर दोनों मुल्कों द्वारा सीज फायर नहीं अंजाम दिया गया तो वह दोनों के साथ अमेरिका के ट्रेड को खत्म कर देंगे। भारतीय विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने फरमाया कि 7 मई से 10 मई के मध्य भारत और अमेरिका के शीर्ष लीडर्स के मध्य बातचीत हुई थी, लेकिन ट्रेड को लेकर कोई भी बातचीत नहीं की गई थी। अब सीज फायर के यक्ष प्रश्न पर किसके दावे को सत्य करार दिया जाए? विश्व भर में निरंतर जारी सैन्य संघर्षों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख का ठीक-ठाक अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर भारत-पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष तक राष्ट्रपति ट्रंप वक्त बेवक्त अपने बयान परिवर्तित करते रहते हैं। इतना ही नहीं, वह डेनमार्क से ग्रीनलैंड खरीदने का दावा पेश करते हैं। पनामा नहर पर जबरन आधिपत्य स्थापित करने की बात करते हैं। कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का दावा पेश करते हैं। साथ ही गाजा पट्टी पर भी आधिपत्य स्थापित करने का दावा करते हैं। इस तरह अनेक विवादित बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप निरंतर दुनिया की सरगर्म फिजाओं में फेंकते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम कराने का राष्ट्रपति ट्रंप का दावा कितना सत्य है और कितना असत्य है?

इस तथ्य की सच्चाई को तो वक्त ही बताएगा? ऑपरेशन सिंदूर के ठीक एक दिन बाद अर्थात 8 मई को अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस ने फॉक्स न्यूज को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने फरमाया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य तनाव के प्रश्न पर अमेरिका दूरी बनाए रखेगा और सिर्फ कूटनीतिक रास्ते ही अख्तियार करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि भारत और पाकिस्तान आखिरकार युद्ध विराम करने पर और व्यापक मुद्दों पर बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। अमेरिकन वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस और मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान फौज के कमांडर इन चीफ असीम मुनीर और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बातचीत की है। आखिरकार दोनों मुल्क तत्काल युद्ध विराम करने और व्यापक मुद्दों पर बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी सोशल पोस्ट में कहीं भी अमेरिका के नाम का उल्लेख तक नहीं किया है कि अमेरिका द्वारा युद्ध विराम अंजाम देने के लिए दोनों देशों के मध्य मध्यस्थता की गई है। एक बात स्पष्ट तौर पर कही जा सकती है कि भारत को पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त करने का इतना शानदार अवसर पहले कभी उपलब्ध नहीं हुआ। तुर्किये को छोड़कर कोई भी अन्य देश पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ। यहां तक कि चीन भी पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर खड़ा नहीं हुआ। क्योंकि चीन अमेरिका के विरुद्ध निरंतर जारी ट्रेड वॉर में भारत को कदाचित नहीं खोना चाहता। दुर्भाग्यवश भारत के निकट दोस्त समझे जाने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान को और हिंदुस्तान को एक ही तराजू में तोला। दुनिया के तमाम देश तुर्किये को छोड़कर पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और परिपोषित जिहादी आतंकवाद से अत्यंत त्रस्त हो चुके हैं।

---

# तुर्किये को साइप्रस के मसले पर घेरे भारत



**कूटनीति**
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ स्तंभकार

संस्कृत की एक प्रसिद्ध कहावत है 'शठे शाठयम समाचरेत'। यानि दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार होना चाहिए। यूरेशिया में स्थित तुर्किये ऐसा ही एक दगाबाज देश है जिसके साथ इसी तरह का व्यवहार होना चाहिए। इसलिए कि उसने भारत के विरुद्ध आतंकियों के प्रश्रयदाता देश पाकिस्तान के साथ कंधा जोड़ने की हिमाकत की है। उसने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध पाकिस्तान को गोला-बारुद, समुद्री जहाज, ड्रोन और हरक्यूलिस विमान उपलब्ध कराकर रेखांकित कर दिया है कि वह दुनिया का सबसे अहसान फरामोश और कृतघ्न देश है। उसके लिए दोस्ती बेमानी है। यह अलग बात है कि पाकिस्तान को दिए उसके सभी हथियार फुस्स साबित हुए हैं। भारत ने उसके सभी ड्रोन एवं उसके सैन्य ऑपरेटिव्स मार गिराए। इससे दुनिया भर में उसकी भद्द पीट रही है।

## भारत ने तुर्किये को दी थी मदद

तुर्किये कितना अहसान फरामोश है इसी से समझा जा सकता है कि वर्ष 2023 में वहां आए भीषण भूकंप में भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के जरिए उसे राहत सामग्री भेजकर भरपूर मदद की थी। लेकिन उसने इस अहसान को दरिया में डालकर जेहादियों से गलबहियां कर बैठा। उसके इस कृत्य से भारत में आक्रोश और गुस्सा होना लाजिमी है। भारत के नागरिकों द्वारा उसके वस्तुओं के आयात को बंद किए जाने और उसके सामानों के बहिष्कार की मांग तेज हो गई है। भारतीय व्यापारी टर्किश सेब के बहिष्कार का ऐलान कर रहे हैं। पर्यटन पर निर्भर तुर्किये के लिए ट्रैवल एजेंसियों ने भी ट्रैवल पैकेज रद करने का ऐलान कर दिया हैं। मेक माई ट्रिप के मुताबिक तुर्किये की बुकिंग में तकरीबन 60 फीसदी की गिरावट आई है। जामिया और जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय समेत कई अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों ने तुर्किये के विश्वविद्यालयों से अपना समझौता रद कर दिया है। मतलब साफ है कि अब तुर्किये को पाकिस्तान से कंधा जोड़ने की कीमत चुकानी ही होगी। उचित होगा कि भारत तुर्किये को सबक सिखाने के लिए उसकी दुखती रग साइप्रस का मसला उठाकर उसकी अंतरराष्ट्रीय घेराबंदी तेज करे। गौरतलब है कि तुर्किये ने साइप्रस के 36 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर कब्जा जमा रखा है। साइप्रस के भौगोलिक परिदृश्य पर नजर डालें तो यहां मुख्य रूप से ग्रीस और तुर्किये समुदाय के लोग रहते हैं। इनके बीच दशकों पहले से नस्लीय विवाद चला आ रहा है। इतिहास में जाएं तो साइप्रस कभी अंग्रेजों की कॉलोनी हुआ करता था। 1878 से चले आ रहे ब्रिटिश उपनिवेश का अंत 1960 में हुआ और साइप्रस को एक नए देश के रूप में पहचान मिली।

## तुर्किये का साइप्रस पर कब्जा

चूंकि साइप्रस एक नया देश था लिहाजा वहां सत्ता-संघर्ष की स्थिति तेज हो गयी। 15 जुलाई, 1974 को तुर्किये की सेना ने साइप्रियट नेशनल गार्ड की अगुवाई में साइप्रस के अंदरुनी हालातों का फायदा उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून को ठेंगा दिखाकर उत्तरी हिस्से पर आक्रमण कर उसके महत्वपूर्ण शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। उस समय साइप्रस में सैन्य विद्रोह चल रहा था। इस



विद्रोह को ग्रीस का समर्थन प्राप्त था। तुर्किये कतई नहीं चाहता था कि साइप्रस में ग्रीस का हस्तक्षेप हो। वैसे भी ग्रीस और तुर्किये के बीच पहले से ही समुद्री क्षेत्र को लेकर तनाव चल रहा था। साइप्रस को हथियाने के खेल में तुर्किये भारी पड़ा और उसने उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर उसे टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉदर्न साइप्रस नाम दे दिया। तब सुरक्षा परिषद के सभी देशों ने तुर्किये के इस कदम की निंदा की। 2 अगस्त, 1975 को तुर्किये और साइप्रस के बीच वियना में समझौता हुआ। तय हुआ कि तुर्किये अपने बलात् किए गए कब्जे वाले इलाके में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अपने मजहब को मानने की आजादी समेत सामान्य जीवन जीने में मददगार हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराएगा। लेकिन तुर्किये ने इस समझौते को ठेंगे पर रख अपना अत्याचार जारी रखा। तुर्किये के आक्रमण के कारण 162000 ग्रीक-साइप्रियोट अपने ही देश में शरणार्थी बनकर रह गए। जो लोग अपना घर छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुए उन पर तुर्किये ने इस कदर कहर बरपाया कि वे अपनी संपत्ति छोड़कर भागने को मजबूर हो गए। आज इस इलाके में ग्रीक-साइप्रियोट की आबादी महज तीन सैकड़ा ही बची है। जिन लोगों ने तुर्किये के कब्जे का विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। तुर्किये ने इस इलाके में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए हजारों तुर्क परिवारों को बसा रखा है। इस कारण दक्षिण और उत्तर साइप्रस के बीच यदा-कदा तनाव की स्थिति उत्पन होती रहती है। तुर्किये के कब्जे के बाद से ही यह द्वीप दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्क साइप्रसवासियों ने अपने इलाके को टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉदर्न साइप्रस नाम दिया है। तुर्किये द्वारा जबरन कब्जाया गया साइप्रस का यह उत्तरी इलाका लोगों की जीविका और आमदनी का बड़ा स्रोत हुआ करता था। यह इलाका वर्ष भर पर्यटकों से भरा गुलजार रहता था। आर्थिक रूप से समृद्ध यह इलाका बहुमंजिली इमारतों के लिए भी जाना जाता था। लेकिन तुर्किये के अत्याचार ने इसे वीरान बना दिया है। किसी तरह का विरोध न हो, इसके लिए यहां उसने 40 हजार से अधिक सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है। अब वक्त आ गया है कि भारत इस मसले को हवा देकर वैश्विक स्तर पर तुर्किये की फजीहत बढ़ाए। याद होगा वर्ष 2022 में भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में साइप्रस का मुद्दा उठाकर तुर्किये की चौधराहट की हवा निकाल दी थी। तब भारतीय विदेशमंत्री ने तुर्किये के विदेशमंत्री मेवलुत कावुसोग्लू से मुलाकात कर साइप्रस की स्वतंत्रता, संप्रभुता और स्वायत्तता की बात उठाई थी। उन्होंने ट्वीट कर यह भी कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के हिसाब से साइप्रस मुद्दे का शांतिपूर्ण हल निकाले। गौर करें तो तुर्किये ने न सिर्फ पाकिस्तान के साथ कंधा जोड़ा है बल्कि वह बार-बार कश्मीर का मुद्दा उठाकर भारत को असहज करने की चेष्टा करता है। वह अन्य मसलों पर भी भारत के खिलाफ जाकर पाकिस्तान का साथ देता है।

## ग्रीस व आर्मिनिया होंगे सहायक

गत वर्ष उसने पाकिस्तान की शह पर भारत के 56,877 मिलियन टन अनाज से लदे जहाज को वापस भेज दिया था। उसने ऐसा कर वैश्विक बाजार में भारतीय अनाज निर्यात की साख खराब करने की कोशिश की थी। यही नहीं, वह इंटरनेट मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के जरिए भी भारत विरोधी केंद्र के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। तुर्किये के आक्रामक व्यवहार को देखते हुए समय आ गया है कि भारत भी उसके विरुद्ध खुलकर पत्ते खेले।

भारत को न सिर्फ साइप्रस के मसले को उठाना चाहिए बल्कि ग्रीस और आर्मिनिया के साथ कंधा जोड़कर तुर्किये की तेज घेराबंदी करनी चाहिए। इसलिए कि ग्रीस और आर्मिनिया दोनों ही तुर्किये के शत्रु हैं और नीति भी कहती है कि 'शत्रु का शत्रु मित्र' होता है।

---

# देश में तैयार हो रही है रोबोट सेना



**प्रौद्योगिकी**
प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक एक ऐसे मानव सदृश्य अर्थात ह्यूमोनॉइड रोबोट के विकास पर काम कर रहे हैं, जो सैन्य अभियानों में न केवल मानव सैनिकों के सहयोगी का काम करेंगे, बल्कि स्वयं भी युद्ध में भागीदार रहेंगे। इन रोबोट के निर्माण का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में लड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे मानव सैनिकों को रक्त बहाने की जरूरत न पड़े। डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च एंड डवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) इस ह्यूमोनॉइड रोबोट को विकसित करने में लगी है। इस मानव रोबोट के ऊपरी और निचले शरीर के भाग पृथक-पृथक मानव रूपों में तैयार किए जा रहे हैं। इन पर किए परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि यह प्रयोग सफलता की ओर बढ़ रहा है। पुणे में आयोजित नेशनल वर्कशॉप ऑन एडवांस लेग्ड रोबोटिक्स में इस रोबोट को प्रदर्शित भी किया गया है। इस कार्य को आगे बढ़ाने में सेंटर फॉर सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी और एडवांस रोबोटिक्स की मदद भी ली जा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेजी

पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के विरुद्ध चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस अभियान में तेजी आ गई है। इजरायल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजरायल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम अब धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्क्रिय नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।

## एआई बनी चर्चा का विषय

कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। क्योंकि आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब



सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी) से निर्मित रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है। दरअसल भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे। सेना को बदलते परिवेश की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य दुश्मनों की चुनौती पिछले तीन दशक से पेश आ रही हैं। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। क्योंकि ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। ऐसे ही हमलों के चलते हम कश्मीर घाटी और पाक सीमा पर 42000 से भी ज्यादा नागरिक और सैनिक गवां चुके हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए इन आतंकियों ने 26 पर्यटकों के प्राण ले लिए थे। इसी की प्रतिक्रिया में ऑपरेशन सिंदूर जारी है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे।इसी मंषा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय ने पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा। ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है।

## मानव सैनिकों के लिए थर्मल जैकेट

भारतीय युद्ध और रक्षा प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन किया जा रहा है। सेना को रोबोटिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रौद्योगिकी संस्थान के विज्ञानियों ने सेना के लिए आधुनिकतम रक्षा उपकरण विकसित करके नए कीर्तिमान बनाए हैं। इन्होंने सैनिकों के भरोसेमंद साथी के रूप में इंटेलीजेंट रोबोट निर्मित किया है। दूसरा नवाचार थर्मल जैकेट का किया है, यह जानलेवा गर्मी से सैनिकों की सुरक्षा करेगी।

खबर संक्षेप

## कटक में बिस्कुट बनाने वाली फैक्टरी में आग



**कटक।** ओडिशा में कटक जिले के जगतपुर औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को बिस्कुट बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लग गई। सहायक अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार बेहरा ने बताया कि हालांकि आग में बिस्कुट बनाने वाली फैक्टरी का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो गया, लेकिन इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

## कार-ट्रक से टकराने से 3 लोगों की मौत



**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शुक्रवार देर रात एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तुनी में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर देर रात दो बजे हुआ।कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। कार में 5 विपणन प्रतिनिधि सवार थे।

## किशोर की हत्या में 4 को आजीवन कारावास



**कोटा।** कोटा की एक अदालत ने 2018 में 16 वर्षीय लड़के का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या के मामले में दो भाइयों समेत 4लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने प्रत्येक पर 13,500 का जुर्माना भी लगाया। सहायक लोक अभियोजक बलराम मीणा ने कहा यह प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला था।

## ट्रेन में बम की सूचना घंटेभर तक चली तलाशी



**खंडवा।** शनिवार दोपहर को कामायनी एक्सप्रेस (11072) ट्रेन में बम होने की सूचना से रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। चार कंट्रोल रूम से होते हुए सूचना खंडवा जंक्शन पहुंची। खंडवा स्टेशन पर ट्रेन को रोककर स्निफर डॉग की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया। जब कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला तो ट्रेन को आगे लिए रवाना कर दिया गया।

## बैंक का सर्वर हैक कर साढ़े 11 करोड़ उड़ाए



**शिमला।** जालसाजों ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक का सर्वर हैक कर 11.55 करोड़ रुपए उड़ा लिए। जालसाजों ने सर्वर हैक करने के लिए एक ग्राहक के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह पैसा 20 खातों में स्थानांतरित किया गया। यह 14 मई को सामने आया, जब बैंक अधिकारियों को रिपोर्ट मिली। बैंक अधिकारियों ने कहा कि शिमला सदर पुलिस स्टेशन में तुरंत शिकायत दर्ज की गई।

### प्रधानमंत्री मोदी ने हर हमले का दिया करारा जवाब

# हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर 100 से ज्यादा आतंकी मारे : शाह

- पाकिस्तान ने कच्छ से कश्मीर तक हमले का दुस्साहस किया, लेकिन हमारी सेना ने हर हमले को विफल किया। एक भी मिसाइल भारत में नहीं गिरी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को वे गांधीनगर पहुंचे, जहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा- मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीन हमले हुए हैं और मोदीजी ने तीनों ही आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उरी को सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा को एयर स्ट्राइक से और अब 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तानी मुख्यालय को मिटा दिया गया है। हमारी सेना ने पाकिस्तान के अंदर 100 किमी तक घुसकर आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह किए। इसके अलावा 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा। पाकिस्तान ने कच्छ से कश्मीर तक हमले का दुस्साहस किया, लेकिन हमारी सेना ने हर हमले को विफल किया। एक भी मिसाइल भारत में नहीं गिरी। हमारी आर्मी ने पाक एयरबेस को भी तबाह कर दिया। हमारी सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालयों को उड़ाकर बदला लिया।

**मोदी के शपथ ग्रहण करने के बाद तीन बड़े हमले हुए, तीनों का जवाब दिया**

## नरेन्द्रभाई ने देश को सुरक्षित करने का काम किया

गृहमंत्री ने आगे कहा- पीएम मोदी ने भारत को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। साथ ही नरेन्द्रभाई ने देश को सुरक्षित करने का भी काम किया है। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले भी कई वर्षों से आतंकवादी हमले होते रहे हैं। आतंकवादी पाकिस्तान से आते थे और हमारे सैनिकों और लोगों को मारकर भाग जाते थे। वे बम विस्फोट करते थे, षड्यंत्र रचते थे, लेकिन भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती थी। नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण करने के बाद से देश में तीन बड़े हमले हो चुके हैं। पहला हमला उरी में हुआ, दूसरा हमला पुलवामा में हुआ और तीसरा हमला हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों द्वारा किया गया। लेकिन मोदीजी ने हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। गृहमंत्री ने शनिवार को 1100 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही 3 आवास योजनाओं के लिए ड्रॉ निकाला। इसके बाद वावोल के पास नगर निगम द्वारा नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया।



शाम 7 बजे पेथापुर बस स्टैंड के पास नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया और इसके बाद नगर निगम एवं डाक विभाग के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास के सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

## संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को विदेशों में भेजने की सराहना की

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना अन्य देशों के समक्ष भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का अच्छा अवसर : उमर



**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को दूसरे देशों में भेजना एक अच्छा अवसर है। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं को बताया, "इन प्रतिनिधिमंडलों में सभी बड़ी पार्टियों के सदस्य शामिल होंगे और यह महत्वपूर्ण देशों के सामने भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का एक अच्छा अवसर है।" उन्होंने कहा कि 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान संसद पर हमले के बाद भी इसी तरह से कुछ देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजे गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, "ऑपरेशन पराक्रम के दौरान संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को विदेशों में भेजा गया। यह अच्छा है।" उन्होंने कहा, "पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ा है।

### पाक मानवता के लिए खतरा, आतंकवाद को प्रायोजित करने का लंबा इतिहास : ओवैसी



**हैदराबाद ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद को प्रायोजित करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास है और यह देश मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कई देशों के दौरे पर भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक के सदस्य के तौर पर यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए उनके संदेश का सार होगा। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा लंबे समय से निर्दोष नागरिकों की हत्या के बारे में दुनिया को बताना होगा।

### राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

## सैन्य कार्रवाई के बारे में पाक को सूचित किया, यह अपराध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत के समय ही पाकिस्तान को इस बारे में सूचित कर दिया, जो एक अपराध है। गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान का एक वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया और दावा किया कि सरकार ने यह स्वीकारा कि उसने हवाई हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि खुद विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया है। गांधी ने सवाल किया, ''इसे किसने अधिकृत किया? परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खोए?' जयशंकर को इस वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, ''ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था कि हम आतंकवाद के ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं।



**टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया: विदेश मंत्रालय**

विदेश मंत्रालय ने उन बयानों को पूरी तरह से गलत बताया जनमें दावा किया गया था कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने माना था कि भारत ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सचेत किया था। मंत्रालय के बाह्य प्रचार (एक्सपी) प्रभाग ने कहा, ''विदेश मंत्री ने कहा था कि हमने पाकिस्तान को शुरुआत में ही चेतावनी दे दी थी, जो स्पष्ट रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के शुरू होने के बाद का शुरुआती चरण है।'

### स्पीकर बिरला कोटा में कार्यक्रम' में हुए शामिल

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को बताया नारीशक्ति और शौर्य का सम्मान

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए कोटा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा की शुरुआत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रामपुरा स्थित ऐतिहासिक पीपल पेड़ के पास भारत माता और शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर और तिरंगा लहराकर की। यह आयोजन राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस रैली में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं, युवा, महिलाएं और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि यह सिर्फ एक रैली नहीं, बल्कि देश के गौरव, बलिदान और आत्मसम्मान का प्रतीक है।जब-जब तिरंगा लहराता है, तब-तब हमारी आत्मा और बलिदान की परंपरा भी लहराती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को



सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, बल्कि भारत की नारीशक्ति की रक्षा और सम्मान बताया। बिरला ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा किअब भारत की बेटियों की ओर उठी हर नजर का जवाब सीमा पार से मिलेगा। भारत शांति का पक्षधर , लेकिन जब मातृभूमि पर खतरा आता है, तो भारत सुदर्शन भी उठा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे, यही सच्ची श्रद्धांजलि है उन वीरों के लिए जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

### पाक से टेंशन के बीच बोले संघ प्रमुख

## शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है : भागवत

एजेंसी ⏭ जयपुर

जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि विश्व में प्रेम की भाषा तभी सुनी जाती है जब आपके पास शक्ति हो। उन्होंने भारत की प्राचीन संस्कृति, त्याग की परंपरा और विश्व कल्याण के लिए शक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह जैसे महान व्यक्तित्वों ने त्याग और सेवा की मिसाल पेश की है। डॉ. भागवत ने कहा कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है।

**भारत विश्व में शांति और सौहार्द कायम कर रहा**



*डॉ. भागवत का कहना है कि भारत विश्व में शांति और सौहार्द कायम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भारत किसी से द्वेष नहीं रखता लेकिन जब तक आपके पास शक्ति नहीं होगी, तब तक विश्व प्रेम और मंगल की भाषा नहीं समझेगा। इसलिए उनके मुताबिक, विश्व कल्याण के लिए शक्ति का होना आवश्यक है, और ये कि हमारी ताकत विश्व ने देखी है। डॉ. भागवत ने यह भी बताया कि शक्ति ही वह माध्यम है जिससे विश्व में भारत अपनी बात प्रभावी ढंग से रख सकता है ।*

**धर्म के माध्यम से ही मानवता की उन्नति संभव**

धर्म के माध्यम से ही मानवता की उन्नति संभव है। उन्होंने विशेष रूप से हिंदू धर्म की भूमिका को महत्वपूर्ण माना और कहा कि विश्व कल्याण हमारा प्रमुख धर्म है। उन्होंने भारत को दुनिया का सबसे प्राचीन देश बताते हुए कहा कि भारत की भूमिका बड़े भाई की जैसी है।

## इस महीने के आखिर तक तय हो जाएगा भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को टाल दिया था लेकिन ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बाद अब पार्टी जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के नाम का ऐलान कर सकती है। मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के के उत्तराधिकारी के तौर पर अभी तक दर्जनभर से अधिक नामों की चर्चा हो चुकी है। इनमें उत्तर से लेकर दक्षिण तक के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और धर्मेन्द्र प्रधान के नाम पर काफी गंभीरता से मंथन हो रहा है। ऐसे में जब पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार जाति जनगणना कराने का फैसला कर चुकी है। तब भाजपा अगर किसी ओबीसी नेता को पार्टी की कमान सौंपती है, तो पार्टी सोशल इंजीनियरिंग को साधने में सफल हो सकती है।

### धनखड़ ने तुर्किये,अजरबैजान पर कहा

## भारत के खिलाफ काम करने वालों की मदद नहीं कर सकते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोग आयात या यात्रा के जरिए उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं की मदद नहीं कर सकते जो भारत के हितों के प्रतिकूल हैं। धनखड़ की यह टिप्पणी 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत के साथ सैन्य टकराव में पाकिस्तान को समर्थन देने के बाद तुर्किये और अजरबैजान के व्यापार और पर्यटन बहिष्कार के बीच आई है। उन्होंने कहा कि क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? उपराष्ट्रपति ने कहा कि हर चीज



का मूल्यांकन राष्ट्रवाद के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के आधार पर किया जाना चाहिए। तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया। आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की है। पाकिस्तान ने भी बड़े पैमाने पर तुर्किये के ड्रोन का इस्तेमाल किया था। अजरबैजान ने भी पाकिस्तान के प्रति समर्थन जताया था।

## दिल्ली, उप्र, हरियाणा जैसे राज्यों की मेट्रोपॉलिटन सिटी का होगा अध्ययन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों का तेजी से विस्तार हो रहा है। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगरीय क्षेत्रों के व्यवस्थित नियोजन को समय रहते सही दिशा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इंदौर-उज्जैन-देवास-धार और भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर प्रदेश में दो मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में प्रस्तावित मेट्रोपॉलिटिन एरिया गठन से संबंधित बैठक में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए क्षेत्र की पंचायतों को जरूरत के अनुसार नगर परिषद के रूप में पहले विकसित करें। इसके साथ ही बैठक में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और तामिलनाडु में मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास एवं प्रबंधन के लिए मौजूदा व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

## गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी गीतम और पेन स्टेट विवि में अकादमिक व शोध सहयोग के लिए हुआ समझौता

- प्रो. वाई. गौतम राव ने शिक्षण के साथ-साथ शोध पर गीतम के बढ़ते फोकस पर डाला प्रकाश, विवि ने 16 शोध केंद्र स्थापित किए

**विशाखापत्तनम।** गीतम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने शोध, शिक्षण और शिक्षा में सहयोगात्मक अवसरों का पता लगाने के लिए प्रतिष्ठित पेन स्टेट यूनिवर्सिटी (पीएसयू), पेंसिल्वेनिया, यूएसए के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। चांसलर प्रो. डेविड एम. कैलेजो पेरेज़ और अकादमिक मामलों के अंतरिम कुलपति प्रो. वाहिद मोटेवल्ली के नेतृत्व में पीएसयू टीम ने गीतम के नेतृत्व दल के साथ उत्पादक चर्चा की, जिसमें प्रो वाइस चांसलर प्रो. वाई. गौतम राव, जीआईएमएसआर प्रो वाइस चांसलर डॉ. बी. गीतांजलि, रजिस्ट्रार प्रो. डी. गुनाशेखरन और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य शामिल थे। दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल ने जीआईटीएएम में प्रमुख अनुसंधान और नवाचार सुविधाओं का भी दौरा किया, जिनमें मूर्ति (अनुवादात्मक पहल पर अनुसंधान की बहुविषयक इकाई), सीएटीएस (उन्नत प्रौद्योगिकी समाधान केंद्र) और विभिन्न शैक्षणिक विभाग शामिल थे। प्रो. वाई. गौतम राव ने शिक्षण के साथ-साथ शोध पर गीतम के बढ़ते फोकस पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने 16 शोध केंद्र स्थापित किए हैं और 300 से अधिक शोध परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि गीतम शैक्षणिक वर्ष 2026-27 तक एक स्कूल ऑफ एजुकेशन शुरू करने की योजना बना रहा है।

## एलन कोटा में सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगी नीट की निःशुल्क कोचिंग, शिक्षा संबल योजना के आवेदन शुरू



**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संबल योजना की वर्ष 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के दूसरे वर्ष नीट-2026 के लिए पोस्टर का विमोचन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संकल्प कैम्पस में किया गया। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी मौजूद रहे। योजना के बारे में जानकारी देते हुए न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि देश के 7 हिन्दी भाषी राज्यों के सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को नीट-2026 की तैयारी के लिए निशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन सुविधा के लिए यह योजना का दूसरे वर्ष है। परीक्षा में सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 7 जून है तथा 22 जून को देश के 7 राज्यों में 63 परीक्षा केन्द्रों पर होगी।

हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

VIVADON SE SAMADHAN YOJANA (VSSS) 2024
विवादों से समाधान योजना - 2024

ध्यान दें! HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अवसर!

क्या आप अपने प्लॉट की लंबित एन्हांसमेंट (Enhancement) लागत से परेशान हैं?

अब कम राशि में भुगतान करने का सुनहरा मौका!

VSSS-2024 के तहत, आप अपनी बकाया एन्हांसमेंट (Enhancement) राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। यह सीमित समय के लिए विशेष अवसर है, जिससे आप अपनी देनदारियां आसानी से समाप्त कर सकते हैं।

- कम भुगतान करें – VSSS 2024 के तहत रियायती दर पर निपटान
- झंझट मुक्त प्रक्रिया – कोई कानूनी जटिलता नहीं
- सीमित समय के लिए ऑफर – अभी आवेदन करें!

यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट, फ्लोर वाइस रजिस्ट्रेशन, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आवंटियों और प्लॉट धारकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान करती है।

570 आबंटी पहले ही इस पहल का लाभ उठा चुके हैं, और अब आपकी बारी है इस अवसर का लाभ उठाने की!

इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2025 है। प्लॉट धारक इस तिथि से पहले इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

HSVP
Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HUDA Complex, Sector 6,
Panchkula - 134109, Haryana,
Email: ao2branch24@gmail.com

विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए
https://vsss.hsvphry.org.in/ पर जाएं

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## भारत-पाकिस्तान तनाव पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फिर बड़बोलापन

# दोनों देश परमाणु हमले के करीब थे, मैंने 'बड़ी सफलता' हासिल की, व्यापार से लाऊंगा शांति

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान से बातचीत करना और उन्हें (पूर्ण युद्ध) के कगार से वापस लाना उनकी इतनी 'बड़ी सफलता' है कि उसका उचित श्रेय उन्हें कभी नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच 'बहुत नफरत' है और तनाव उस स्तर पर पहुंच गया था जहां अगला चरण संभवतः 'परमाणु' (इस्तेमाल) था। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि यह मेरी इतनी बड़ी सफलता है कि इसका उचित श्रेय मुझे कभी नहीं मिलेगा। वे बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। उनमें जरा भी समानता नहीं है। वे आक्रोशित थे। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान को फोन किया था।



ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच संघर्ष गहराता जा रहा था। मिसाइलों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा था। लिहाजा अगले जिस चरण पर यह पहुंचने वाला था, परमाणु युद्ध हो सकता था जो सबसे बुरी चीज हो सकती थी। मैंने कहा है कि हम व्यापार के बारे में बात करेंगे। हम बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। मैं व्यापार का उपयोग हिसाब बराबर करने और शांति स्थापित करने के लिए कर रहा हूं। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि ट्रेड और टेरिरिजम एक साथ नहीं चलेगा। पाकिस्तान से अब बात सिर्फ आतंकवाद और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को लेकर ही होगी।

### भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द

*ट्रंप ने एक बार फिर भारत को दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। हालांकि उन्होंने दावा किया कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार यह दावा किया है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क कम करने की पेशकश कर रहा है। इसे देखते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कोई भी व्यापार समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए।*

### ट्रंप ने आठ दिनों में सातवीं बार दावा किया

पिछले 8 दिनों में यह सातवीं बार है जब ट्रंप ने यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव खत्म कराने में मदद की। वे बार-बार भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुटे थे। हालांकि, 15 मई को उन्हें इससे पलटी मार दी। इसके बाद से ही भारत समेत दुनिया भर के कई देश उनकी विश्वसनीयता पर ही सवाल उठाने लगे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चार दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव समाप्त करने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। ट्रंप ने 10 मई को घोषणा की थी कि अमेरिका की मध्यस्थता में 'लंबी बातचीत' के बाद भारत और पाकिस्तान 'पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम' पर सहमत हो गए हैं।

### भारत और अमेरिका के बीच वार्ता शुरू

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने के लिए शनिवार से वाशिंगटन में मंत्री स्तरीय वार्ताएं शुरू हो गई हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल चार दिवसीय दौरे के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमिसन ग्रीयर के साथ बातचीत करेंगे। इस दौरान मुख्य वार्ताकारों को राजनीतिक मार्गदर्शन देने और पिछले दो महीनों में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा। 19 से 22 मई तक दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच विस्तृत चर्चा होगी। इस वर्ष सितंबर-अक्टूबर तक व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने से पहले दोनों देश अंतरिम व्यापार व्यवस्था पर विचार कर रहे हैं।



## सिंगापुर में 7 दिनों में कोरोना के मरीजों की संख्या में 28% बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिंगापुर-हांगकांग सहित आसपास के कई हिस्सों में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक कोविड रिपोर्ट अपडेट जारी की है, जिसमें केवल एक सप्ताह में ही मामलों में 28% की वृद्धि बताई गई है, जिससे संक्रमण के मामले बढ़कर 14,200 हो गए हैं। इतना ही नहीं अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को संक्रमण से बचने की चेतावनी दी है। बचे रहने को लेकर एक बार फिर से आवश्यक उपाय शुरू कर दें। यहां अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सेंटर फॉर हेल्थ प्रोटेक्शन में कम्युनिकेबल डिजीज के प्रमुख अल्बर्ट औ ने बताया कि यहां वायरस की गतिविधि काफी अधिक है। 3 मई को समाप्त सप्ताह में गंभीर मामले सहित कोरोना से मौत के आंकड़े एक साल के उच्चतम स्तर (31 तक) पहुंच गए हैं। वहीं, साल भर बाद सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक कोविड रिपोर्ट अपडेट जारी की है, जिसमें केवल एक सप्ताह में ही मामलों में 28% की वृद्धि बताई गई है।

## शांति वार्ता टूटते ही रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा ड्रोन हमला, 9 की मौत

**कीव (एजेंसी)।** शनिवार को यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में एक रूसी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली प्रत्यक्ष शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम नहीं हो सका। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने रूस के साथ अग्रिम पंक्ति और सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर सुमी के बिलोपिलिया शहर में हमले के बाद की तस्वीरें जारी कीं। अस्थायी युद्धविराम पर पहुंचने के प्रयास में शुक्रवार को रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने तुर्किये में मुलाकात की, लेकिन वार्ता दो घंटे से भी कम समय में बिना किसी सफलता के समाप्त हो गई। इस्तांबुल में, कीव और मॉस्को ने दोनों प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के अनुसार, 1,000 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की, जो उनकी सबसे बड़ी ऐसी अदला-बदली होगी। मुख्य यूक्रेनी प्रतिनिधि, रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव के अनुसार, दोनों पक्षों ने युद्धविराम और अपने राष्ट्राध्यक्षों के बीच एक बैठक पर भी चर्चा की।

